

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -151 जबलपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

## महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ के मोशी इलाके में इमारत ढही, 16 लोग मलबे में दबे, रेस्क्यू जारी



पुणे. (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ के मोशी इलाके में एक इमारत देर रात अचानक ढह गई. घटना में लगभग 15-16 लोग मलबे के नीचे फंस गए हैं. राहत एवं बचाव कार्य जोरों पर चल रहे हैं. एनडीआरएफ, आर्मी, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और युद्ध स्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है.

महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने घटनास्थल पर पहुंचकर मीडिया से बात की. उन्होंने कहा कि अंदर और 6-7 लोग हो सकते हैं. चार लोगों को बचा लिया गया है. बाकी अस्पताल में हैं, सबकी हालत अच्छी है. हमारे प्रयास लगातार जारी हैं. अभी मलबा हटाने का काम चल रहा है. नीचे एक बेसमेंट और उसके ऊपर का फ्लोर पूरी तरह मलबे से ढका हुआ है. हम उसे साफ करने की कोशिश कर रहे हैं.

मुख्यमंत्री स्थिति पर नजर रखे हुए हैं पहले निचले हिस्से से चार लोगों ने आवाज दी थी और हलचल भी दिखी थी, लेकिन अब नीचे से कोई आवाज नहीं आ रही है. एनडीआरएफ और सैन्य टीमें प्रयास कर रही हैं. कोई जवाब न मिलने पर हम और मलबा हटाकर नीचे तक पहुंचेंगे. बाकी फंसे लोगों को निकालने के लिए भारी मशीनरी और विशेष टीमों का इस्तेमाल किया जा रहा है. प्रशासन ने इलाके को घेर लिया है और यातायात को डायवर्ट किया जा रहा है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं.

## कर्नाटक में तेज रफ्तार का कहर, लॉरी और कार की भिड़ंत में सात लोगों की दर्दनाक मौत, 2 लोग गंभीर घायल

बेंगलुरु. कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है. यहां गुरुवार तड़के एक कार की लॉरी से आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस के अनुसार, यह हादसा येल्लापुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में एनएच-52 पर अराबैल घाट इलाके में बालागारा क्रॉस के पास रात करीब 1.30 बजे हुआ. पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले पास के अस्पताल ले जाया गया और बाद में हुबली के अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है.

पुलिस के अनुसार, कार में ड्राइवर समेत नौ लोग सवार थे और वे धारवाड़ से धर्मस्थल और चिकमगलूर की यात्रा पर जा रहे थे. शुरुआती जानकारी से पता चला है कि गाड़ी का ड्राइवर एक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ पार्ट-टाइम डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करता था. पुलिस ने बताया कि ड्राइवर संजीव कथित तौर पर गाड़ी को तेज रफ्तार और लापरवाही से चला रहा था. वह सड़क के एकदम दाईं ओर चला गया और अंकोला की ओर से आ रही लॉरी से टकरा गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.

उमरिया में भीषण सड़क हादसा

## खड़ी कार में घुसी तेज रफ्तार कार, 4 की मौत, 1 की हालत गंभीर, जबलपुर रेफर



उमरिया/जबलपुर. (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले से एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है. गुरुवार, 9 जुलाई 2026 की सुबह तड़के नेशनल हाईवे-43 पर एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार पांच लोगों में से चार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय राहगीरों और पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया.

पुलिस से मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त कार कटनी की ओर से आ रही थी और उमरिया की तरफ जा रही थी. नेशनल हाईवे-43 पर स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अचानक चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया. नियंत्रण खोने के बाद तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक बड़े ट्रक के पिछले हिस्से (रियर साइड) में बेहद तीव्र गति से जा मटकराई. भिड़ंत की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना की ओर दौड़े.

मलबे को काटकर निकाले गए शव,
एक की हालत नाजुक

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से ट्रक के नीचे फंस गया था. सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम और स्थानीय पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार के मलबे को काटकर पीड़ितों को बाहर निकाला. कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी. इस हादसे में केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है, जिसके सिर और छाती में गंभीर चोटें आई हैं. घायल युवक को तुरंत उमरिया जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जबलपुर के एक विशेषज्ञ चिकित्सा केंद्र (मेडिकल कॉलेज) रेफर कर दिया गया है.

पुलिस ने शुरू की दुर्घटना की जांच

स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और उनके परिजनों को सूचित करने की प्रक्रिया जारी है. पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच शुरू कर दी है. जांच अधिकारी इस बात की पड़ताल कर रहे हैं कि क्या यह हादसा सुबह के समय दृश्यता (विजिबिलिटी) कम होने के कारण हुआ या फिर चालक को नींद की झपकी (थकान) आने की वजह से गाड़ी बेकाबू हुई. इसके साथ ही पुलिस इस बिंदु की भी जांच कर रही है कि सड़क किनारे खड़े ट्रक ने नियमानुसार रिफ्लेक्टर या कोई चेतावनी सूचक बोर्ड लगाया था या नहीं.

## रीवा से इंदौर जा रही बस में देवास के समीप एबी रोड पर लगी आग, मची अफरा-तफरी



इंदौर।(आरएनएस)। रीवा से इंदौर जा रही एक यात्री बस देवास-इंदौर के बीच आगरा-मुंबई राजमार्ग पर इंदौर जिले के शिप्रा में गुरुवार को हादसे का शिकार हो गई। चलती बस में अचानक आग लग गई। आग लगते ही बस सवार लोगों और मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं सूचना मिलते ही घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई।

हादसे का कारण बस का टायर फटना और उसके बाद घर्षण से आग लगना बताया जा रहा है, हालांकि गनीमत यह रही कि आग फैलने से पहले ही बस से सभी यात्री सुरक्षित निकल गए थे। आग लगने का पता चलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। देखते ही देखते आग ने बस को चपेट में ले लिया और बस से काला धुआं उठने लगा। सूचना पर शिप्रा पुलिस व देवास, इंदौर से दमकल वाहन मौके लिए रवाना किए गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को कोर्ट से झटका

## यौन शोषण मामले में लगा 50 लाख डॉलर का भारी भरकम जुर्माना



वशिंगटन।(आरएनएस)। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील खारिज होने के बाद उन्हें लेखिका और पूर्व पत्रकार ई. जीन कैरोल को भारी-भरकम हर्जाना देने का आदेश जारी किया है। संघीय न्यायाधीश लुईस कपलान ने बुधवार को निर्देश दिया कि ट्रंप को अदालत में 50 लाख डॉलर (लगभग 48 करोड़ रुपये) की मूल राशि जमा करनी होगी। हालांकि, ब्याज जुड़ने के बाद अब लेखिका को मिलने वाली कुल राशि लगभग 58 लाख डॉलर हो जाएगी।

यह कदम तब उठाया गया जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मई 2023 के मूल अदालती फैसले के खिलाफ ट्रंप की अंतिम अपील पर सुनवाई करने से साफ इनकार कर दिया। उस मूल फैसले में जूरी ने ट्रंप को कैरोल के यौन उत्पीड़न के लिए 2 मिलियन डॉलर और उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियां करने के लिए 3 मिलियन डॉलर का हर्जाना देने का आदेश सुनाया था। सर्वोच्च न्यायालय के इस रुख के बाद निचली अदालत का यह निर्णय अब पूरी तरह अंतिम और बाध्यकारी हो गया है।

## रोड शो कर किसानों से संवाद करने शाजापुर पहुंचे सीएम, कांग्रेसियों को कालापीपल जाने से पुलिस ने रोका

शाजापुर। (आरएनएस)। जिले के कालापीपल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से संवाद किया। इसके पूर्व वे रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। कृषि उपज मंडी में किसानों से संवाद कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। आयोजन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री 12=10 पर कालापीपल पहुंचे और हेलीपैड पर जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इधर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कालापीपल में सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम किए गए। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। कालापीपल की ओर जा रहे कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जेठड़ा जोड़ पर रोक लिया है। जिस पर कांग्रेस नेताओं द्वारा इंटरनेट मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी जा रही है। पूर्व विधायक एवं कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी कुणाल चौधरी ने कालापीपल आ रहे मुख्यमंत्री से कुछ सवाल पूछे हैं



और उन्होंने भी इंटरनेट पर पोस्ट किया है।

## एमपी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को पुलिस ने छोड़ा, डीसीपी बोले- विवेचना जारी, जरुरत पड़ने पर फिर बुलाएंगे



इंदौर।(आरएनएस)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े मामले में पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई बुधवार देर रात दो कथित ड्रग्स पैडलरों की गिरफ्तारी के बाद की पूछताछ के आधार पर की। राजेंद्र नगर पुलिस ने ड्रग्स मामले में हिरासत में लिए गए नाना पटवारी और उसके साथी मानव को लंबी पुछताछ के बाद देर रात छोड़ दिया है। डीसीपी जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत के अनुसार, कानूनी प्रक्रिया के तहत दोनों को उनके वकील के सुपुर्द किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विवेचना अभी लगातार जारी है।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पीएम मोदी के दमदार संदेश 1+1 है 11 से दुनिया को दिया साझेदारी का मंत्र



मेलबन. (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय ऑस्ट्रेलिया दौरा भारत और ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के साथ-साथ उनके प्रभावशाली और प्रतीकात्मक बयानों के कारण भी चर्चा में रहा. ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों ने रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, समुद्री सुरक्षा, शिक्षा और प्रौद्योगिकी समेत विभिन्न क्षेत्रों में 18 अहम परिणामों और समझौतों की घोषणा की. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐसे संदेश दिए, जिन्होंने कूटनीति के साथ भारतीय संस्कृति, क्रिकेट और मानवीय मूल्यों को भी प्रमुखता से सामने रखा. मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां मिठास और अपनापन लेकर जाते हैं. उन्होंने कहा, हम भारतीय दूध में घुलने वाली चीनी की तरह हैं, जो उसे और मीठा बना देती है. आपके घरों का दूध भले ही ऑस्ट्रेलिया का हो, लेकिन उसमें बनने वाली चाय भारतीय है. उनके इस बयान पर कार्यक्रम में मौजूद हजारों लोगों ने तालियों से स्वागत किया.

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी में एक और एक मिलकर दो होते हैं. इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्कुराते हुए हिंदी की लोकप्रिय कहावत का उल्लेख किया.

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी को बड़ा झटका, सुष्मिता देव,समेत 3 पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल

पश्चिम बंगाल- (आरएनएस)। टीएमसी के पूर्व राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर रे और प्रकाश चिक बड़ाईक ने कोलकाता में बीजेपी का दामन थाम लिया। यह दल-बदल पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद टीएमसी में उपजे असंतोष और राज्य में बदलते राजनीतिक समीकरणों का संकेत देता है, जिसका सीधा असर राज्यसभा सीटों पर पड़ेगा। इन इस्तीफ़ों के बाद खाली हुई राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में बीजेपी बहुमत के चलते तीनों सीटें जीतने की उम्मीद कर रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी की पार्टी छोड़ने और उच्च सदन से इस्तीफ़ा देने के कुछ हफ़्ते बाद, तृणमूल कांग्रेस के पूर्व




राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बारिक गुरुवार को कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सुष्मिता देव, जो 2021 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुई थीं, पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रहीं और राज्यसभा में पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व किया।

## यूपी : एआरटीओ निकला धनपति, 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी मिली, दीवारों-पैकेटों में छिपाया था 1.62 करोड़ कैश

लखनऊ.(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में रिटायर्ड सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार के लखनऊ स्थित घर पर विजिलेंस ने छापा मारा. करीब 26 घंटे चली छापेमारी में ललित कुमार के लखनऊ आवास से 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी और हीरे के आभूषण बरामद किए हैं. जिनकी कीमत 20 करोड़ रुपए आंकी गई है.

तलाशी के दौरान टीम को करीब 1.62 करोड़ रुपए कैश भी मिला, जो उसने पैकेटों में दीवार और अलग-अलग कमरों में छिपाकर रखे थे. 15 जगहों पर मकान, फ्लैट और खेती की जमीनों के दस्तावेज भी मिले हैं. विजिलेंस ने बरामद संपत्ति की कुल कीमत करीब 35 करोड़ रुपए बताई है.



आरोपी ललित कुमार मूल रूप से रायबरेली में सेंगहो कोठी के रहने वाले हैं. विजिलेंस विभाग के अनुसार, ललित कुमार के खिलाफ 2024 में कानपुर में तैनाती के दौरान करप्शन की शिकायत की गई थी. उस वक्त वह आरटीओ ऑफिस में संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) यानी रीजनल इंस्पेक्टर टेक्निकल थे. शिकायत के आधार पर ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने 11 सितंबर, 2024 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन को जांच की अनुमति दी. इसके बाद उनके आय और संपत्ति के स्त्रोतों की विस्तृत जांच शुरू की गई. जांच में सामने आया कि ललित कुमार की कुल कमाई 93.26 लाख रुपए थी, जबकि चल और अचल संपत्तियों की खरीद, रखरखाव और अन्य मदों पर उनका कुल खर्च 1.61 करोड़ रुपये पाया गया. इस तरह उन्होंने अपनी वैध कमाई से 68.66 लाख रुपये, यानी करीब 73.6 प्रतिशत अधिक खर्च किया. जांच एजेंसी के अनुसार, इस अतिरिक्त खर्च और संपत्ति के संबंध में ललित कुमार कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके. इसके बाद उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी मानते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई.

वर्तमान में ललित कुमार लखनऊ के अलीगंज में चंद्रलोक कॉलोनी स्थित सी-143 आवास में रहते हैं. आगरा से रिटायर हुए थे. 7 जुलाई को कोर्ट से वारंट लेकर विजिलेंस टीम दोपहर 12 बजे ललित कुमार के आवास पहुंची. आवास के चप्पे-चप्पे को खंगाला गया. इस दौरान टीम को घर के अलग-अलग हिस्सों में पैकेट बनाकर छिपाए गए करीब 1 करोड़ 62 लाख रुपए नकद बरामद हुए. 20 करोड़ के सोना-चांदी और गहने- 13 किलो सोना और करीब 9 किलो चांदी बरामद हुई,




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में श्रीमति ज्योति त्रिपाठी उम्र 30 वर्ष निवासी मैत्रीनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोबाइल के व्हाटसएप पर वर्क फ्रम होम कार्य हेतु मैसिज आया था, अज्ञात व्यक्ति के कहने पर उसने अपने मोबाइल में टेलीग्राम एप डाउनलोड किया था एवं उसी एप के माध्यम से उसने दिये गये टास्क पूरा किया था जिससे उनकी तरफसे उसे टास्क करने पर 300 रूपये उसके पति के स्टेट बअैंक ऑफइंडिया की शाखा महाराजपुर के खाता में भेजे गये थे,

**रविन्द्र नगर अधारताल में जर्जर मकान हटाने की गयी कार्यवाही और पिसनहारी की मढ़िया क्षेत्र में भवन स्वामी को भवन के रिक्त जर्जर हिस्से को हटाने दिया गया तीन दिवस का समय**

# नगर निगम ने जर्जर भवनों पर की त्वरित कार्यवाही







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नागरिकों की सुरक्षा और वर्षाऋतु के मद्देनजर नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान एवं सौरभ मिश्रा ने नगर निगम के भवन एवं अतिक्रमण शाखा के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित खतरनाक व जर्जर भवनों को हटाने की एक प्रभावी संयुक्त कार्यवाही की।

उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के अंतर्गत पिसनहारी की मढ़िया क्षेत्र में स्थित एक अत्यंत जर्जर भवन को हटाने के लिए निगम की टीम मौके पर पहुँची। जहाँ पर भवन स्वामी के द्वारा स्वयं से जर्जर भवन को तोड़ने की बात कही जिसपर संवेदनशीलता और नियमों का पालन करते हुए, निगम अधिकारियों ने भवन के स्वामी को स्वयं ही इस रिक्त ढांचे को सुरक्षित रूप से हटाने के लिए तीन दिवस का समय दिया है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही के दौरान सुरक्षा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए मौके पर भारी अमला मौजूद रहा। कार्यवाही के समय संभागीय भवन अधिकारी शैलेन्द्र कौरव, अतिक्रमण अधिकारी कृष्णपाल सिंह रावत, संभागीय भवन अधिकारी दिगदर्श सिंह, अतिक्रमण अधिकारी, संभागीय अधिकारी सुरेंद्र मिश्रा, भवन उपयंत्री यशवंत सोनी एवं अतिक्रमण टीम उपस्थित रही। इसी कड़ी में, शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करते हुए अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान की उपस्थिति में रविन्द्र नगर अधारताल क्षेत्र में भी एक अन्य खतरनाक व जर्जर मकान को जमींदोज करने की कार्यवाही की गई।

## कटंगी बायपास और राँझी क्षेत्र में गंदगी फैलाने, प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन विक्रय करने वालों पर निगम की सख्त कार्रवाई, 8200 का जुर्माना वसूला





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ नगर निगम लगातार कार्यवाही कर रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार स्वच्छता को लेकर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में संभाग क्रमांक 15 और संभाग क्रमांक 16 के संयुक्त दल द्वारा कटंगी बायपास क्षेत्र एवं संभाग क्रमांक 10 में कार्रवाई की गयी। यहाँ व्यावसायिक गतिविधियों के दौरान नियमों का उल्लंघन कर गंदगी फैलाने और प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

इस संयुक्त कार्रवाई में निगम की स्वच्छता टीम ने पूरी सजगता दिखाई। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने न सिर्फ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया, बल्कि उन्हें डस्टबिन का उपयोग करने और कचरा सड़कों पर न फेंकने की समझाइश भी दी। 15 चालान काटे गए और 8,200 का अर्थदंड वसूला गया। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम प्रशासन ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें और जबलपुर को नंबर-1 बनाने में अपना सहयोग दें तथा प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन का उपयोग न करें। कार्यवाही के समय मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनंत दुबे, अनिल मिश्रा, प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक किशन दुबे,

## इमाम हुसैन की तालीम इंसानियत और ख़िदमत का पैग़ाम



जबलपुर। मदनी मिल्लत समिति के तत्वावधान एवं वरिष्ठ समाजसेवी मतीन अंसारी की सरपरस्ती में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला विशाल लंगर-ए-आम मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खंबा में बाद नमाज़-ए-मग़रिब आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआनख़्वानी और फ़ातिहा से हुई, जिसके बाद बड़ी संख्या में मौजूद अकीदतमंदों और आम लोगों के लिए लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर लंगर ग्रहण किया।

कार्यक्रम में समिति द्वारा विशेष रूप से मीडिया प्रतिनिधि अरशद अली कादरी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संदेश देते हुए मतीन अंसारी ने कहा कि हज़रत इमाम हुसैन रदीअल्लाहुअन्हु की शहादत पूरी इंसानियत के लिए सबक है। उन्होंने कहा कि ज़रूरतमंदों की मदद करना, अधिक से अधिक लंगर आयोजित करना और प्यासों को पानी पिलाना इमाम हुसैन की शिक्षाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने लोगों से समाज सेवा और भाईचारे को बढ़ावा देने की अपील की। इस अवसर पर मदनी मिल्लत समिति के अध्यक्ष आसिफ इकबाल, कुतुबुद्दीन, मोहम्मद शोएब, गुड्डू बाबा, अफरोज, सादिक भाई, परवेज़ अख्तर, मोइन अख्तर, अजहर बाबा सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। अंत में समिति की ओर से आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सहयोगियों, अकीदतमंदों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

## गृहनगर जबलपुर पहुंचे इंडियन आइडल-16 के फाइनलिस्ट तनिष्क शुक्ला,सांसद आशीष दुबे ने किया स्वागत और जीत की शुभकामना दी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी जबलपुर के लाल और इंडियन आइडल-16 के प्रतिभाशाली गायक तनिष्क शुक्ला गुरुवार को ग्रैंड फिनाले से पहले अपने गृहनगर पहुंचे। उनके आगमन पर शहर में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला।

जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे ने तनिष्क का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और आगामी ग्रैंड फिनाले के लिए दिल से अग्रिम शुभकामनाएं दीं। सांसद ने कहा कि तनिष्क ने अपनी मेहनत और सुरों से न केवल जबलपुर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में जबलपुर वासी शहर के विभिन्न स्थानों पर एकत्रित हुए ।लोगों ने तनिष्क के प्रति अपना अपार स्नेह और समर्थन जताया ।हर ओर तनिष्क को शुभकामना और बधाई के नारे गूंजते रहे।

सांसद आशीष दुबे ने इस मौके पर संस्कारधानी के नागरिकों से विशेष अपील की। उन्होंने कहा, तनिष्क हम सबकी शान है। आइए, हम सब मिलकर उसे वोट करके विजेता बनाएं। यह जीत सिर्फ तनिष्क की नहीं, बल्कि पूरे जबलपुर की जीत होगी।

तनिष्क शुक्ला ने भी सभी के प्यार और समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि जबलपुर की मिट्टी और यहां के लोगों का आशीर्वाद ही उनकी ताकत है। ग्रैंड फिनाले में वह पूरी मेहनत के साथ परफॉर्म करेंगे और शहर का नाम और ऊंचा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इंडियन आइडल-16 के ग्रैंड फिनाले में तनिष्क शुक्ला टॉप कंटेस्टेंट्स में शामिल हैं। पूरे देश से उनके लिए वोटिंग जारी है और जबलपुरवासी एकजुट होकर अपने होनहार बेटे को विजेता बनाने के लिए संकल्पित हैं। आप भी तनिष्क को वोट करके संस्कारधानी का गौरव बढ़ा सकते हैं।

## डॉ. ज़ाकिर हुसैन वार्ड को मिली 1 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात, विधायक लखन घनघौरिया ने रखी 14 विकास कार्यों की संगे बुनियाद

**ज़ाकिर हुसैन वार्ड की सूरत बदलेगी- कदीर सोनी**



तालिब हुसैन

जबलपुर। नगर निगम के डॉ. ज़ाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक-40 के नागरिकों को लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली। गोहलपुर स्थित अंसारी भवन के समीप आयोजित गरिमामय समारोह में पूर्व मंत्री एवं पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघौरिया ने 14 जनहितैषी विकास कार्यों की संगे बुनियाद रखी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक लखन घनघौरिया ने कहा कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सड़क, नाली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता रहा है।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका संकल्प है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वार्ड के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी ।कार्यक्रम में बोलते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी कदीर सोनी ने कहा ढेरों विकास कार्यों के बाद वार्ड की सूरत बदल जाएगी. अंसारी समाज के सरदार अब्दुल हकीम बाबा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पार्षद अख्तर अंसारी, पार्षद गुलाम हुसैन, पार्षद वकील अंसारी, पार्षद कलीम खान तथा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अशरफ मंसूरी सहित अनेक अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप बताया। इस अवसर पर जिन प्रमुख विकास कार्यों की संगे बुनियाद रखी गई, उनमें रहमत तब्बाखू से लल्लू किराना तक सड़क निर्माण, छोटी मस्जिद के पीछे सड़क निर्माण, मरहूम अलीम मंसूरी के सामने सड़क एवं नाली निर्माण, अंसार नगर से हाजी नजीर अंसारी तक सड़क-नाली निर्माण, अंसार होटल से पानी वाली तलैया तक सड़क निर्माण, मोहम्मदी मस्जिद तक सड़क निर्माण, मुक्ताक कबाड़ी तलैया से महमूद मोअज्जिन तक सड़क निर्माण, समद होटल से जमील सेठ के मकान तक सड़क निर्माण, गाज़ी मस्जिद एवं नगीना मस्जिद मैदान में सार्वजनिक वाटर कूलर स्थापना, कांटा बीड़ी मैदान का सौंदर्यीकरण, हमज़ा नगर (दमामी मोहल्ला) में सड़क एवं नाली निर्माण, दारुल उलूम से काली चाय तक नाला निर्माण तथा मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में टीन शेड निर्माण सहित कुल 14 विकास कार्य शामिल हैं। वार्ड पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद वार्डवासियों को आवागमन, जल निकासी, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने विधायक लखन घनघौरिया का वार्ड के विकास के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता याकूब अंसारी ने सभी अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ताहिर अली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे.

## पी डब्ल्यू डी में 19पदोन्नति मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने जताया आभार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।/लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर में कार्यरत निम्नांकित अनुरेखक (सिविल) को मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग (अराजपत्रित) सेवा भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 1972 एवं शासन द्वारा समय समय पर किये गये संशोधनों में निहित प्रावधान के तहत अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सहायक मानचित्रकार (सिविल) के पद पर वेतनमान पे मेट्रिक्स लेबल-6 रूपये 25300-80500 में पदोन्नत कर यथास्थान पदस्थ किया गया है। जितेन्द्र देव वाल्दे अनुरेखक सहा. मानचित्रकार श्रीमति कृष्णा अडमेंअनुरेखक सहा. मानचित्रकार अशोक कुमार ठाकुर अनुरेखक सहा. मानचित्रकार राकेश मूनअनुरेखक सहा. मानचित्रकार लल्लू दहायतअनुरेखकसहा. मानचित्रकार धनीराम बिलझारियाअनुरेखक सहा. मानचित्रकार रघुराज सिंह सल्लामअनुरेखक सहा. मानचित्रकार दिवाकर रामटेकेअनुरेखक सहा. मानचित्रकार श्रीमती आशा आरखअनुरेखकसहा. मानचित्रकार आर.एन.पटेल अनुरेखक सहा. मानचित्रकार डी.एस.राजपूत अनुरेखक सहा. मानचित्रकार डी.सी.चौधरीअनुरेखक सहा. मानचित्रकार शैलेन्द तिवारीअनुरेखक सहा. मानचित्रकार राजेश कुमार कोष्टीअनुरेखक सहा. मानचित्रकार शिवदयाल प्रधानअनुरेखकसहा. मानचित्रकार इसी तरह अनुरेखक (वि/यां) को मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग (अराजपत्रित) सेवा भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 1972 एवं शासन द्वारा समय समय पर किये गये संशोधनों में निहित प्रावधान के तहत अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सहायक मानचित्रकार (वि/यां) के पद पर वेतनमान पे-मेट्रिक्स लेबल-6 रूपये 25300-80500 में पदोन्नत कर यथास्थान पदस्थ किया जाता है:- गेंदराव सोनकुवर अनुरेखक सहा. मानचित्रकार अभय मस्के अनुरेखक सहा. मानचित्रकार मुकेश वर्मा अनुरेखक सहा. मानचित्रकार दुर्गेश खातरकर अनुरेखक सहा. मानचित्रकार मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री, जी पी द्विवेदी, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, राजा राम डहरिया , नितिन सेलेट, आशीष नामदेव, गुलाब कोस्टा, अरविंद शाहू ने प्रदेश शासन के आदेशों के अनुसार लोक निर्माण विभाग में पदोन्नति आदेश जारी करने पर मुख्य अभियंता श्री आनंद प्रकाश राणे का आभार जताया है, संघ की मांग पूरी होने से कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

## प्रथम तिमाही में अन्य कोचिंग एवं संड्री आय में लगभग 6 प्रतिशत अधिक राजस्व अर्जित किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में अन्य कोचिंग एवं संड्री यानि विविध आय से प्राप्त राजस्व में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में एवं प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के निर्देशन तथा तीनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में बेहतर परिचालन एवं ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम तिमाही के दौरान पश्चिम मध्य रेल ने अन्य कोचिंग एवं संड्री आय दो मदों में कुल ?126 करोड़ 36 लाख राजस्व अर्जित किया। इसमें अन्य कोचिंग में 50 करोड़ 58 लाख रूपये एवं संड्री में 75 करोड़ 78 लाख रूपये का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में प्राप्त अन्य कोचिंग से 47 करोड़ 90 लाख रूपये के राजस्व की तुलना में 5.59 प्रतिशत एवं संड्री से 71 करोड़ 55 लाख रूपये के राजस्व की तुलना में 5.91 प्रतिशत अधिक है।

अकेले माह जून 2026 की बात करे तो अन्य कोचिंग से 17 करोड़ 10 लाख रूपये एवं संड्री से 21 करोड़ 80 लाख रूपये का ओरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया। यह उपलब्धि पिछले वर्ष के इसी माह में अन्य कोचिंग से प्राप्त 16 करोड़ 17 लाख रुपये की तुलना में 5.75 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार संड्री से प्राप्त 21 करोड़ 58 लाख रुपये की तुलना में 1.02 प्रतिशत अधिक है।

अन्य कोचिंग एवं संड्री में राजस्व वृद्धि के लिए निम्नलिखित प्रयास किए गए –

गैर किराया राजस्व (नॉन फेयर रेवेन्यू) में वृद्धि के लिए नवाचारों और नविन अवधारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

? कैटरिंग, पार्किंग, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र एवं एनएफआर सम्बंधित कई अनुबंध किये जा रहे है।

? वाणिज्यिक विज्ञापन, मल्टी परपस स्टॉल, ट्रेनों में विनाइल रैपिंग इत्यादि जैसे अनुबंधों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

? नई अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना (निनफ्रीस) निति के तहत नयी-नयी योजनाओं को लागु किया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेल द्वारा ओरिजिनेटिंग अन्य कोचिंग एवं संड्री आय में निरंतर वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी यह प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।



भोपाल -मध्यप्रदेश में महिलाओं और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराधों से संरक्षण तथा उनके कल्याण के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल की है। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के भोपाल स्थित शासकीय निवास पर गूगल और %अहान फाउंडेशन-रिस्पॉन्सिबल नेटिज़्म% के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। तकनीक के सकारात्मक उपयोग और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

**मुख्यमंत्री ने किया 30.86 करोड़ रुपए के विभिन्न 12 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण-मुख्यमंत्री डॉ. यादव कालापीपल में किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन में हुए शामिल**

# कृषि और कृषक कल्याण है सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-मुख्यमंत्री डॉ.यादव




भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और आधारभूत विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में %कृषि और कृषक% सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर 55 लाख हैक्टेयर से अधिक पहुंच गया है, जिससे कृषि उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील में आयोजित किसान समृद्धि संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 30.86 करोड़ रुपए के 12 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। इनमें 01 करोड़ 45 लाख 56 हजार रूपये की लागत के 04 कार्यों का भूमि पूजन और 29 करोड़ 39 लाख 92 हजार रूपये लागत के 8 कार्यो का लोकार्पण शामिल है। सम्मेलन में किसान भाइयों ने भावांतर भुगतान योजना एवं केसीसी ऋण चुकाने की अवधि बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का गजमाला से साथ ही हल भेंटकर एवं महिला किसानों ने राखी बांधकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधा भी लगाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं उपस्थित अतिथियों ने एक पेड़ मॉ के नाम, हर भरा कालापीपल अभियान अंतर्गत 04 लाख पौधे रोपण के लक्ष्य अन्तर्गत कृषि उपज मण्डी प्रांगण में पौध-रोपण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौध-रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जनभागीदारी से पौध-रोपण अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कालापीपल क्षेत्र 04 लाख पौधे रोपित करने के लक्ष्य का यह वृक्ष गंगा अभियान का नया रिकॉर्ड बना रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि देने तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गौपालकों को विशेष सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना अन्तर्गत अब तक लगभग 60 हजार करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना सहित विभिन्न नदी जोड़ो योजनाओं से लाखों हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इससे शाजापुर सहित अनेक जिलों के किसानों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शाजापुर जिले के प्रत्येक गांव तक नर्मदा का पानी पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को अब सिंचाई के लिए रात में खेतों पर नहीं जाना पड़ेगा। सरकार चरणबद्ध तरीके से किसानों को दिन के समय ही सिंचाई के लिये विद्युत उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है।

## 50 वर्षों से प्रदेश की धड़कन- समय को मात देने वाला सारंगपुर का स्वदेशी पॉवर ट्रांसफार्मर

भोपाल -(आरएनएस) मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के राजगढ़ जिले के सारंगपुर स्थित सब-स्टेशन में भारत की सरकारी कंपनी एनजीईएफ (न्यू गवर्नमेंट इलेक्ट्रिक फैक ?ट्री) द्वारा 1976 का निर्मित 20 एमवीए क्षमता का एक पावर ट्रांसफार्मर आज केवल विद्युत उपकरण नहीं, बल्कि मालवा क्षेत्र के विकास, तकनीकी उत्कृष्टता और समर्पित रखरखाव की एक जीवंत मिसाल बन चुका है। वर्ष 1976 में पहली बार ऊर्जीकृत हुआ यह ट्रांसफार्मर पिछले 50 वर्षों से प्रदेश के औद्योगिक, कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को निरंतर और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति कर रहा है।




आधी शताब्दी की अपनी गौरवशाली यात्रा में इस ट्रांसफार्मर ने मौसम, तकनीक, विभिन्न क्षेत्र और विद्युत तंत्र के अनेक बदलाव देखे हैं, लेकिन सत्तर के दशक में निर्मित इसकी उच्च गुणवत्ता और मजबूत अभिकल्पना के कारण इसकी कार्यक्षमता एवं विश्वसनीयता आज भी उल्लेखनीय बनी हुई है। यह उस दौर का साक्षी है जब मालवा क्षेत्र औद्योगिक विकास की गति तेज हो रही है, यह आज भी उसी निष्ठा के साथ विकास की ऊर्जा का आधार बना हुआ है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आज जब ऊर्जा क्षेत्र में उपयोग में आने वाले उपकरणों और तेजी से बदलती तकनीकों के बीच संसाधनों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है, तब सारंगपुर का यह ट्रांसफार्मर एक प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आता है। यह केवल लोहे, तांबे और तेल से निर्मित मशीन नहीं, बल्कि उन हजारों अभियंताओं, तकनीशियनों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिन्होंने पांच दशकों तक इसकी कार्यक्षमता और विश्वसनीयता को बनाए रखा।

विद्युत क्षेत्र के मानकों के अनुसार किसी पॉवर ट्रांसफार्मर की सामान्य उपयोगी आयु लगभग 25 वर्ष मानी जाती है। इसके विपरीत सारंगपुर का यह ट्रांसफार्मर अपनी निर्धारित आयु से दोगुना अर्थात 50 वर्षों तक सफलतापूर्वक सेवा प्रदान कर रहा है, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धि है। सरकारी क्षेत्र का प्रतिष्ठित उपक्रम था एनजीईएफ इस ट्रांसफार्मर का निर्माण एनजीईएफ (न्यू गवर्नमेंट इलेक्ट्रिकल फैक्ट्री) द्वारा किया गया था। कर्नाटक सरकार ने वर्ष 1956 में बेंगलुरु में इस सरकारी उपक्रम की स्थापना की थी। जर्मनी की एईजी कंपनी के तकनीकी सहयोग से प्रारंभ हुए इस उपक्रम ने देश और विदेश में अनेक बड़े पावर ट्रांसफार्मरों की सफल आपूर्ति की। लगभग 46 वर्षों तक उत्कृष्ट श्रेणी के विद्युत उपकरणों का निर्माण करने के बाद वर्ष 2002 में यह उपक्रम बंद हो गया।

## गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं, लापरवाही पर अधिकारियों को नोटिस, ठेकेदारों के पंजीयन निलंबित

भोपाल - (आरएनएस) लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर में औचक निरीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है। विगत 6 जुलाई को मुख्य अभियंताओं के 7 दलों ने रायसेन, पांढुर्णा, शिवपुरी, बुरहानपुर, उमरिया, मंदसौर एवं निवाड़ी जिलों में निर्माणाधीन एवं पूर्ण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुल 34 निर्माण कार्यों का रेंडम आधार पर परीक्षण किया गया, जिनमें लोक निर्माण विभाग (सड़क एवं पुल) के 21, पीआईयू के 6, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के 6 तथा मध्यप्रदेश भवन विकास निगम का 1 कार्य शामिल रहा। निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा प्रमुख अभियंता (सड़क/पुल) श्री आर.एल. वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता (एमपीआरडीसी) श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस.आर. बघेल, प्रमुख अभियंता (बीडीसी) श्री अजय श्रीवास्तव सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी निरीक्षण दल ऑनलाइन उपस्थित रहे। समीक्षा में बुरहानपुर जिले के सुंदर नगर-कुंदन डेयरी रोड स्थित पंडारोल नाला पर निर्माणाधीन उच्च स्तरीय पुल के कार्य में गुणवत्ता संबंधी कमियां पाए जाने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं तत्कालीन कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बुरहानपुर जिले में हिवरा फाटा-हैदरपुर फाटा सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी अपेक्षित स्तर की नहीं मिलने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री के विरुद्ध नोटिस जारी करने तथा कार्य कर रही एजेंसी मेसर्स कालिका फर्नीचर इंडस्ट्रीज, खंडवा के पंजीयन निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश प्रमुख अभियंता इंदौर को दिए गए।

# अमृत भारत रेलवे योजना में लगा ग्रहण उखड़ते टाइल्स एवं टूटता निर्माण कार्य



गोटेगांव=विगत कई महीनों पहले श्रीधाम रेलवे स्टेशन जो कि अमृत भारत रेलवे स्टेशन के अंतर्गत चुनी गई थी जिसमें प्लेट फॉर्म का निर्माण एवं अन्य निर्माण लगातार हो रहे थे। टाइल्स का लगाना और अन्य कई कार्य रेल विभाग द्वारा ठेकेदारी प्रथा से लगवाए गए जो कि अपनी दर्द नाक कहानी स्वयं कहने लगे हैं।कमीशन की भेंट चढ़ चुके निर्माण कार्यों की बू आने लगी है जिसको अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ और टाइल्स उखड़ने लगे।ठेकेदारों की लापरवाही का परिणाम जनता और यात्रियों को अभी से दिखने लगा है जिससे यात्री एवं नगर की जनता अभी से कहने लगी है कि श्रीधाम स्टेशन का विकास कार्य कमीशन की भेंट चढ़ चुका है जिससे उखड़ते बिखरते टूटते टाइल्स और अन्य निर्माण कार्य स्वयं कहानी कह रहे हैं।जनता ने अनुमान लगाया कि आखिर रेल विभाग ठेकेदारों की झोली क्यों भरती है। यह विषय जो कि यात्रियों और जनता में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

**प्लेटफॉर्म 3 की स्थिति खराब**

श्रीधाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक तीन की स्थिति दिनों दिन बद से बदतर होती जा रही है प्लेटफॉर्म की टूटती मरम्मत और टूटते उखड़ते टाइल्स यहां वहां खिसकते दिखाई दे रहे हैं।जल्द बाजी में किया कार्य ठेकेदार की लापरवाही दर्शाता है।जिसको देखने पर कमीशन की भेंट स्पष्ट झलकती हैं।आखिर इतना अच्छा रेल विभाग करोड़ों की लागत से बनी श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर ये सब कुछ होता रहा और विभाग इन सभी बातों से अनजान बना हुआ है करोड़ों का चूना विभाग को लगाकर कार्य में लीपापोती कर दी गई ।

वरिष्ठ अधिकारी खुद श्रीधाम स्टेशन पर निर्माण के बाद कई बार आए लेकिन उन्हें ये टूट फूट और उखड़ते टाइल्स एवं गंदगी देखने को नहीं मिली या फिर देखकर कार्य को नजर अंदाज कर दिया।आखिर माजरा क्या है ये तो रेल विभाग के वरिष्ठ और कर्तव्य निष्ठ अधिकारी ही जान सकते हैं।एक बार सिर्फ श्रीधाम रेलवे स्टेशन का जवाबदार अधिकारी बिना कोई पूर्व सूचना के छापामार कार्यशैली में प्लेटफॉर्म क्रमांक तीन और सभी तरफ का दौरा करें जिससे हकीकत पता चले।कि वास्तविकता क्या है।फिलहाल उखड़ते और टूटते टाइल्स तथा अन्य निर्माण कार्य स्वयं कहानी बयां कर रहे हैं।

**बाउंड्री बाल में आईं दरारें**

श्रीधाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक तीन में नव निर्मित बाउंड्री बाल में भी गहरी दरारें देखने को मिलने लगीं हैं जो कि स्पष्ट निर्माण में धांधली को दर्शाती हैं इसके अलावा समूचे प्लेटफॉर्म का अवलोकन करें तो कई जगह दरारें देखने को मिल सकती हैं क्या रेल विभाग के अधिकारी बैठे बैठे तनख्वाह लेते हैं या फिर समूचे रेल डिवीजन के निर्माण कार्यों की देखरेख और जांच भी करते हैं परंतु श्रीधाम स्टेशन पर निर्माण कार्यों में घोर लापरवाही बरती गई जिसे देखने कमीशन एजेंटों को समय नहीं मिल पा रहा है रेल मंत्रालय भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है होना तो यह चाहिए कि रेल विभाग ठेकेदारों से पुन: निर्माण कार्य कराए और जांच में साइन पाए जाने पर ही निर्माण कार्यों के बिलों का भुगतान हो।स्मरण हो कि निर्माण कार्य के बाद कई बार अधिकारी वर्ग श्रीधाम स्टेशन पर दौरे पर आए लेकिन उनके ये उखड़ते टाइल्स और क्रैक बाउंड्री बाल नजर नहीं आई और आई भी हो तो घटिया निर्माण कार्य को नजर अंदाज कर दिया होगा।क्योंकि सभी मिली भगत का खेल चल रहा है।

रेल विभाग में बैठे जवाबदार अधिकारी इस ओर ध्यान देकर श्रीधाम स्टेशन की जांच करें।और गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराएं । विभाग ध्यान दे।

**मोटरसाइकिल रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन**

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

गोटेगांव- गोटेगांव नगर में भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर महाकौशल प्रांत भारतीय किसान संघ के आवाहन पर नगर के नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में किसानों ने एकत्रित होकर बाइक रैली के माध्यम से नगर के मुख्य मार्ग से हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



ज्ञापन में प्रमुख मांगे- किसान वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग /उड़द की फसल काटकर समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु प्रतीक्षारत हैं। परन्तु शासन द्वारा खरीदी को लेकर निम्नलिखित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जैसे कि प्रति एकड़ खरीदी की सीमा हैं 1.25 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित की गई है जो न्?यायसंगत नहीं है। ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द में वास्तविक उत्पादन 4 से 5 क्विंटल प्रति एकड़ होता है। अत: शासन से अनुरोध है खरीदी की सीमा को बढ़ाकर न्यूनतम 5 क्विंटल प्रति एकड़ करने का आदेश जारी किया जाए। वर्तमान खरीदी केंद्र किसानों की सुविधा के अनुसार नहीं बनाए गए हैं। खरीदी केंद्र किसानों की सुविधा अनुसार बनाए जाएं। जिन किसानों की गिरदावरी/पंजीयन नहीं हुए हैं वे खरीदी से वंचित हो रहे हैं। ऐसे किसानों के लिए पंजीयन की एक तिथि निर्धारित कर पंजीयन कराया जाए। किसान संगठन की मांग है 100 प्रतिशत-मूंग एवं उड़द समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने की स्वीकृति प्रदान की जाए। किसान संगठन ने मांग की टोकन प्रणाली पूर्णता रद्द की जाए एवं एक खाद के साथ दूसरे खाद की अनिवार्यता रद्द की जाए। किसानों ने एसडीएम कार्यालय के समीप मुख्य गेट के सामने किसानों ने पहुंचकर कर सड़क पर बैठकर शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उपरोक्त बिंदुओं पर तत्काल संज्ञान लेकर किसान हित में आवश्यक आदेश जारी करने मांग की है और मांगे पूरी ना होने पर किसानों ने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन के दौरान भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष यशवंत पटेल, जिला किसान पदाधिकारी अभिषेक पटेल,शिवम विश्वकर्मा,दिलीप पटेल,दिल्ली पटेल यशवंत पटेल, सतीश पटेल आकाश पटेल श्रीराम पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## यातायात नियम एवं नशा मुक्ति विषय पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



गोटेगाँव। विगत दिवस मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरसिंहपुर के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगाँव द्वारा दिनांक 09 जुलाई 2026 को शासकीय राष्ट्र सहायक हाई स्कूल, गोटेगाँव में यातायात नियमों के पालन एवं नशा मुक्ति विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगाँव की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय सुश्री साक्षी शुक्ला, संस्थान के डायरेक्टर बृजेश शर्मा, विधिक सेवा कर्मचारी, पैरालीगल वालंटियर गोपाल ब्यौहार, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

शिविर में विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 2015 के अंतर्गत उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सहायता एवं नशा उन्मूलन से संबंधित प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान की गई।वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, तंबाकू एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी

बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन की आपूर्ति शृंखला से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करनी ही होगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अनंत गोयनका की ये राय अहम है कि भारत को चीन से बचने की कोशिश के बजाय उससे कारोबारी संबंध बढ़ाने चाहिए। मैनुफैक्चरिंग क्षमता की मजबूती, नवाचार को बढ़ावा और वैश्विक आपूर्ति शृंखला से अधिक गहराई से जुड़ने के लिए ऐसा करना जरूरी है। फिक्की के सदस्य सीईओज के एक दल की पांच दिवसीय चीन यात्रा के बाद गोयनका चीन ये तीन खास बातें कहीः पहली, चीन कड़े मुकाबले वाले एक फाइटिंग रिंग की तरह है। वहां कंपनियां ऐसे 2-3 प्रतिशत की मार्जिन (मुनाफे) पर काम करती हैं। इस प्रतिस्पर्धा में सिर्फ कठोर और सर्वश्रेष्ठ कंपनियां ही टिक पाती हैं। दूसरी, वहां अनुसंधान एवं विकास और ऑटोमेशन उच्चतम स्तर पर हैं। कंपनियां इन क्षेत्रों में निवेश दास साल के भविष्य को ध्यान में रखकर करती हैं, ना कि किसी तिमाही नतीजे को देख कर।

और तीसरी बात यह कि वहां सरकार एक मूक शेयरधारक है। सस्ता कर्ज, जमीन, बिजली और नीतिगत सहयोग इस पैमाने पर मिलता है कि प्रति इकाई लागत और मुनाफे का गणित बदल जाता है। इस कारण दूसरे देशों की कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा का धरातल समान नहीं रह जाता। गोयनका की टिप्पणियां भारतीय कारोबारी सोच में बड़े बदलाव का संकेत हैं। भारतीय उद्योगपति अब इस भय से निकल गए हैं कि चीन भारत पर हावी हो सकता है। बल्कि राय यह उभरी है कि औद्योगिक विकास के अगले दौर में जाने के लिए चीनी आपूर्ति शृंखला से जुड़ना आवश्यक हो गया है।

# समंदर बन गई हैं महानगरों की सड़कें, डूबती गाड़ियों को कोई किनारा नहीं मिलता

क्या हम 2047 के विकसित भारत की इमारत उस बुनियाद पर खड़ी कर रहे हैं जो हर मानसून में हिल जाती है? क्या अब समय नहीं आ गया है कि विकास के दावों से पहले शहरों की जल निकासी व्यवस्था, निर्माण की गुणवत्ता, नगर नियोजन और प्रशासनिक जवाबदेही को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए?

हम 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं। हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहे हैं। हम आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्मार्ट शहरों और वैश्विक स्तर की सुविधाओं का दावा कर रहे हैं। लेकिन क्या हर मॉनसून हमारे इन सभी दावों की वास्तविकता सामने नहीं रख देता? क्या यह सवाल पूछने का समय नहीं आ गया है कि यदि हमारे महानगर और राज्य की राजधानियां कुछ घंटों की बारिश भी नहीं झेल पा रही हैं, तो विकसित भारत की बुनियाद आखिर कितनी मजबूत है?

क्या यह आश्चर्य की बात नहीं कि महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और गुरुग्राम जैसे देश के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र हर वर्ष मानसून आते ही जलभराव, जाम और अव्यवस्था की पहचान बन जाते हैं? क्या यह केवल मौसम की मार है, या फिर हमारी नगर योजना, निर्माण व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारी की सबसे बड़ी असफलता है? यदि हर वर्ष यही स्थिति बननी है, तो फिर हर वर्ष होने वाली तैयारियों और बैठकों का परिणाम आखिर कहां दिखाई देता है?

क्या स्मार्ट सिटी का अर्थ केवल चौड़ी सड़कें, चमकदार भवन और आकर्षक परियोजनाएं हैं? क्या स्मार्ट शहर वह नहीं होना चाहिए जो सामान्य से अधिक बारिश को भी सहजता से संभाल सके? यदि अरबों रुपये जल निकासी, सड़क निर्माण और शहरी विकास पर खर्च हो रहे हैं, तो पहली तेज बारिश में ही सड़कें नदी और चौराहे तालाब क्यों बन जाते हैं?

क्या हर मानसून के बाद वही तस्वीरें, वही बयान और वही आश्वासन सुनना हमारी नियति बन चुकी है? क्या कभी किसी अधिकारी, किसी एजेंसी या किसी निर्माण करने वाली संस्था की जवाबदेही तय हुई? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं कि हर वर्ष खर्च होने वाला धन आखिर किस काम में लगाया जाता है? क्या समस्या केवल अधिक बारिश की है, या फिर प्राकृतिक जलमार्गों पर अतिक्रमण, बिना योजना के विस्तार, कमजोर निर्माण और रखरखाव की अनदेखी इसकी असली वजह है? क्या नदियों, तालाबों और पुराने जल निकासी मार्गों को पाटकर खड़ी की गई इमारतों की कीमत अब पूरा समाज नहीं चुका रहा है? यदि शहरों की सांस लेने वाली प्राकृतिक व्यवस्था को ही समाप्त कर दिया जाएगा, तो पानी आखिर जाएगा कहां?

क्या यह सामान्य बात मानी जा सकती है कि बारिश होते ही एंबुलेंस फंस जाए, बच्चे स्कूल न पहुंच सकें, कर्मचारी दफ्तर न जा सकें, बाजार ठप हो जाएं, रेल और हवाई यात्रा थम जाएं और सामान्य जीवन रुक जाए? क्या हर वर्ष होने वाले आर्थिक नुकसान, समय की बर्बादी और जनजीवन की परेशानी का कोई हिसाब भी रखा जाता है? यदि रखा जाता है, तो फिर समाधान आज तक क्यों नहीं मिला?

क्या विकसित भारत केवल बुलेट ट्रेन, एक्सप्रेस वे और गगनचुंबी इमारतों से बनेगा? या फिर उसकी पहचान ऐसी मजबूत बुनियादी व्यवस्था से होगी जो हर मौसम में नागरिकों को सुरक्षित और सुगम जीवन दे सके? क्या विश्व स्तर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना उन शहरों के सहारे पूरा होगा जो हर मानसून में ठहर जाते हैं? क्या केवल सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाना पर्याप्त है? क्या नागरिकों की भी जिम्मेदारी नहीं कि वे नालों में कचरा न डालें, जलमार्गों पर अतिक्रमण का विरोध करें और सार्वजनिक व्यवस्था के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं?

## बिहार में बदलाव की बयार, जाति-धर्म तोड़ न्याय के लिए एक हुआ समाज

बिहार में जातिवादी राजनीति के गढ़ भोजपुर में सवर्ण युवक भरत तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में हत्या ने अप्रत्याशित सामाजिक बदलाव को उजागर किया है। दलित और पिछड़े समुदाय भी न्याय के लिए सड़कों पर उतर आए हैं, जो राज्य में पारंपरिक जातिगत दीवारों को तोड़ते हुए एक नए सामाजिक सद्भाव का संकेत है। यह जनाक्रोश बिहार की राजनीति और सामाजिक सोच के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है।

जाति और धर्म के बिना आज राजनीति की कल्पना बेमानी है, लेकिन बिहार में जातिवाद का असर कुछ ज्यादा ही दिखता है। यहां मानस किस कदर जातिवाद के घेरे में है, इसे समझने के लिए किसी खास जाति के अपराधियों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई को देखना होगा। तब उस अपराधी के जाति विशेष द्वारा उसे बेकसूर बताने और कार्रवाई को जातिवादी बदला बताने की होड़ लग जाती है। लेकिन इसी बिहार में हाल ही में हुई एक घटना की प्रतिक्रिया में उभरा जनाक्रोश इसके ठीक उलट है। इसमें जाति और धर्म की सीमाएं टूट गई हैं। भोजपुर पुलिस के कथित एनकाउंटर में मारे गए सवर्ण युवक भरत तिवारी के इंसाफ के लिए उतरे लोगों के बीच कोई जातीय दीवार नजर नहीं आ रही। हालांकि इसे भी जातीय रंग देने की कोशिश की गई, तो उसके खिलाफ उसी दलित समाज के स्त्री और पुरूष मैदान में उतर आए, जिनकी रहनुमाई का दावा करने वाली राजनीति हस्ती ने यह रंग देने का प्रयास किया था। इससे इनकार नहीं कि भारतीय समाज में ऊंच-नीच का भाव रहा है। फिर भी समाज में सद्भाव, सहयोग और मेलजोल की गहरी परंपरा है। सामाजिक मामलों में कई बार जाति की दीवारें टूटती भी नजर आती हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव और राजनीति का मसला सामने आता है, जातीय सोच पूरी ताकत से उभर आती है। बिहार इस मामले में कुछ ज्यादा ही बदनाम है। ऐसे माहौल में अगर सवर्ण समुदाय के भरत तिवारी की पुलिस के हाथों हुई हत्या के खिलाफ सड़कों पर दलित और पिछड़े समुदाय तक के लोग उतर आएं तो मानना पड़ेगा कि पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था का जीन अब भी देश की रगों में बह रहा है।

## भारत और खाड़ी संकट का आर्थिक प्रभाव: सब कुछ स्थिर और सामान्य रहा

वी. अनंत नागेश्वरन

जब फरवरी के अंत में हवाई हमलों के कारण हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद हो गया — ऐसा समुद्री मार्ग जिससे होकर दुनिया के कच्चे तेल का करीब एक-पांचवां हिस्सा और भारत के कच्चे तेल और खाना पकाने के गैस का अधिकांश हिस्सा गुजरता है — तो भारत के लिए कहानी पहले ही लिखी हुई लग रही थी। एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का दस में से नौ हिस्सा और आधे से ज्यादा खाना पकाने के गैस का खाड़ी से आयात करता है, उसके लिए आम तौर पर यही उम्मीद की जा रही थी कि पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगेंगी, रसोई में गैस खत्म हो जाएगी, रुपये की कीमत गिरेगी और डॉलर के लिए होड़ मचेगी। लगभग चार महीने बाद, जब जलडमरूमध्य फिर से खुल गया और कच्चे तेल की आपूर्ति अपने संकट-पूर्व स्तर के करीब पहुँच गयी, तो इनमें से कुछ भी नहीं हुआ। एक भी रिटेल आउटलेट बंद नहीं हुआ। जिस भी परिवार को सिलेंडर चाहिए था, उसे सिलेंडर मिल गया। भारत को न तो 1991 जैसे और न ही 2013 जैसे हालात का सामना करना पड़ा। व्यापक आर्थिक स्थिरता बनी रही।

यह कोई संयोग नहीं था और न ही यह सिर्फ़ किस्मत की बात थी। यह एक ऐसे सरकार का काम था, जिसने वही तरीका अपनाया, जो उसने महामारी के समय अपनाया था — जानबूझकर और धीरे-धीरे कदम उठाना, एक ही बार में कोई बड़ा या नाटकीय बदलाव करने के बजाय एक उपाय के ऊपर दूसरे उपाय को जोड़ना। पहली प्राथमिकता घर-परिवार थे। इस पूरी अवधि के दौरान, एक भी रिटेल आउटलेट का स्टॉक खत्म नहीं हुआ और हर रसोईघर में सिलेंडर मौजूद रहा। आयात से जुड़ी लागत के कारण 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,600 रुपये से ऊपर चली गई थी, फिर भी घरों के लिए इसकी कीमत 900 रुपये के आसपास ही रखी गई और सबसे गरीब लोगों के लिए तो यह कीमत और भी कम थी। महामारी के शुरुआती महीनों की यादें एक सबक थीं, जब प्रवासी मजदूरों में मची घबराहट के कारण गांवों की ओर लौटने वालों की लहर चल पड़ी थी। वाणिज्यिक और थोक उपयोगकर्ताओं को घरों की जरूरत को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया।

पूरी अर्थव्यवस्था को चलाने वाले ईंधन के मामले में, सरकार ने इसका बोझ खुद उठाने का फ़ैसला किया, न कि इसे आम लोगों पर डाला। सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की, जिससे उसे लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ, इसके अलावा विमानन ईंधन पर भी बोझ कम किया गया। इसके बाद तेल विपणन कंपनियों ने दो महीने से ज़्यादा समय तक पंप पर कीमतें स्थिर रखीं और फिर एक बार मामूली बदलाव किया। इसके पीछे की वजह साफ़ है: ऐसी अनिश्चितता के समय में, सिर्फ़ सरकार के पास ही जोखिम उठाने के लिए ज़रूरी बैलेंस शीट और समय होता है; और इसने परिवारों और कंपनियों पर असर डालने के बजाय राजकोषीय खाते पर बोझ डालने का विकल्प चुना। एयरलाइंस के लिए खास समर्थन तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण-गारंटी योजना, कोविड के दौर में अपनाए गए खास और असरदार उपायों के मॉडल पर ही आधारित थीं।

कीमत में राहत के पीछे आपूर्ति की मजबूत स्थिति थी। घरेलू रिफाइनरियों ने एक हफ्ते में ही रसोई गैस का उत्पादन आधा बढ़ा दिया,

## 15 जुलाई से गजकेसरी योग और बुध पुष्य नक्षत्र में शुरू होंगे गुप्त नवरात्र, तंत्र-मंत्र सिद्धि से होगा चमत्कार

चांग की गणना के अनुसार 15 जुलाई को गजकेसरी योग में आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र का आरंभ होगा। विशेष यह है कि इस दिन बुध पुष्य नक्षत्र की साक्षी भी रहेगी। ज्योतिष के जानकारों के अनुसार गुप्त नवरात्र की घट स्थापना के दिन योग और नक्षत्र का ऐसा महासंयोग सालों में बनता है। ऐसे शुभ दिन देवी आराधना की शुरुआत करना साधक, आराधक को पूर्ण फल प्रदान करने वाली मानी गई है।

ज्योतिषाचार्य पं.अमर डब्बावाला के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर 15 जुलाई बुधवार से गुप्त नवरात्र का आरंभ होगा। इस दिन पुष्य नक्षत्र, हर्षल उपरांत व्रज योग, बव करण तथा कर्क राशि के चंद्रमा की साक्षी रहेगी। तिथि, वार, योग, नक्षत्र व करण की यह श्रेष्ठ स्थिति गजकेसरी योग का निर्माण कर रही है। नक्षत्र की दृष्टि से भी यह दिन सर्वोत्तम है तथा इसकी शुभता और बढ़ गई है। नवरात्र के नौ दिन में वैदिक तंत्र, मंत्र तथा यंत्र की सिद्धि के लिए इस दिन से आदि शक्ति मां दुर्गा की साधना, आराधना शुरु करना सर्वश्रेष्ठ रहेगा। वर्षभर में चार नवरात्र विशेष

पं.डब्बावाला ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत में वर्षभर में चार नवरात्र बताए गए हैं। इनमें दो नवरात्र गुप्त तथा दो प्राकट्य कहे गए हैं। धर्मशास्त्र के अनुसार माघ व आषाढ़ मास के नवरात्र गुप्त तथा चैत्र व अश्विन मास के नवरात्र को प्राकट्य नवरात्र माना जाता है।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन : भारत के डिजिटल स्वास्थ्य का आधार

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) ने विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचनाओं में से एक का निर्माण किया है। इसके अंतर्गत 104 करोड़ से ज्यादा स्वास्थ्य रिकॉर्ड 93 करोड़ से अधिक आभा खातों से जोड़े गए हैं। एबीडीएम ने कागजी कार्रवाई को खत्म कर और इंतजार के समय में कमी लाकर रोगियों को बीमाकर्ताओं, अस्पतालों और डॉक्टरों से एक एकीकृत नेटवर्क से जोड़ दिया है।

डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना का निर्माण

भारत सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा की ओर लगातार बढ़ रहा है, जहाँ हर कोई बिना किसी आर्थिक कठिनाई के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक मज़बूत डिजिटल आधार की ज़रूरत है। स्वास्थ्य सेवाओं को ज़्यादा आसान, कुशल और सुलभ बनाने के लिए एक मज़बूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना अनिवार्य है।

एक डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम:

मरीज़ों के रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से रखने में मदद करता है।

लोगों को स्वास्थ्य सेवा और बीमा प्रदाताओं से जोड़ता है।

यह स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की सुविधा देता है, जिससे नागरिक देश भर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़े किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड्स को सुरक्षित रूप से देख और शेयर कर सकते हैं।

यह बिना पहचान वाले गोपनीय स्वास्थ्य डेटा तैयार करता है।

इस डेटा का उपयोग स्वास्थ्य योजना और सेवा वितरण में सुधार करने के साथ-साथ भारत के उभरते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) इकोसिस्टम को मज़बूत करने के लिए किया जा सकता है। इस तरह की अवसंरचना के होने से बीमारी पर नज़र रखने, निदान और स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में नए नवाचार की संभावना बनती है।

इसे ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने एक एकीकृत और नागरिक-केंद्रित राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम विकसित करने के लिए सितंबर 2021 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की शुरुआत की।

एक एबीडीएम-सक्षम सॉफ्टवेयर का उपयोग करके, स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) से जुड़े डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बना सकते हैं। इसके अलावा, वे मरीज की सहमति लेने के बाद उनके पिछले रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से देख सकते हैं और मरीज़ की ऐसी मंज़ूरी, जिसे कभी भी वापस लिया जा सके और जो एक तय समय के लिए हो, के ज़रिए डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

आभा आधार की तरह एक विशिष्ट पहचान है, जो लोगों को सुरक्षित रूप से व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ता है। यह मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में मदद करता है।

## इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में चालीस वर्षों से संचालित हो रहा अन्न क्षेत्र, हर दिन दो हजार भक्त ग्रहण कर रहे शुद्ध-सात्विक भोजन प्रसादी

देश-विदेश में ख्यात शहर के खजराना गणेश मंदिर में पिछले 40 वर्ष से अन्नक्षेत्र संचालित किया जा रहा है। यहां हर दिन सुबह 11.30 से दोपहर 3 बजे तक दो हजार भक्त शुद्ध-सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं।

इसमें रोटी-सब्जी, दाल, चावल के साथ ही खीर भी शामिल होती है। इसके बाद शाम 4.30 से 9.30 बजे तक कड़ी खिचड़ी का वितरण किया जाता है। इसका लाभ भी मंदिर में आने वाले 1500 श्रद्धालु उठाते हैं। यह दोनों सेवाएं ही पूर्णतः निश्शुल्क संचालित की जा रही है। मंदिर प्रबंधक घनश्याम शुक्ला बताते है कि इस सेवा की शुरुआत मंदिर के पुजारी स्व. भालचंद भट्ट द्वारा की गई थी। वे एक मुट्ठी अन्न अन्नक्षेत्र के लिए विभिन्न कालोनियों से एकत्रित करते है। आज अन्नक्षेत्र के लिए 51 हजार रुपये प्रदान कर 850 आजीवन सदस्य बन चुके है।3500 रुपये देकर कोई भी व्यक्ति इस सेवा में सहभागी बन सकता है इसके साथ ही 3500 रुपये देकर कोई भी व्यक्ति इस सेवा में सहभागी बन सकता है। लोग अपने जन्म दिन, पितरो की पुण्यतिथि, विवाह एवं अन्य उपलक्ष पर इस सेवा के सहभागी बनते है। कई लोग सामग्री उपलब्ध कराकर मनपसंद भोजन भी अन्नक्षेत्र में प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के लिए विशेष अवसर पर बनाते है।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चिरस्थाई विरासत: संस्थाएं, विचार और राष्ट्र निर्माण

लेखक: गजेंद्र सिंह शेखावत

इतिहास अक्सर महान नेताओं को उनके राजनीतिक संघर्षों के जरिए याद करता है। लेकिन राजनेताओं के चिरस्मरणीय योगदान राजनीति के दायरे तक ही सीमित नहीं होते। उनकी वास्तविक विरासत उनके द्वारा सृजित संस्थाओं, परिपोषित विचारों और आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़े गए आदर्शों में होती है। राष्ट्र भारत केसरी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 125वां जन्म दिवस मना रहा है। इस अवसर पर उनके सार्वजनिक जीवन के एक ऐसे पहलू को स्मरण करना प्रासंगिक होगा जिसकी ओर व्यापक रूप से गौर करने की जरूरत है। यह पहलू है, राष्ट्र निर्माण की बुनियाद के रूप में संस्थाओं का सृजन करने की उनकी आजीवन प्रतिबद्धता।

स्वतंत्र भारत का उदय सिर्फ एक राजनीतिक संघर्ष से नहीं हुआ। उसे विश्वविद्यालय बनाने थे जो नागरिकों को शिक्षित करने में सक्षम हों। ऐसी अनुसंधान संस्थाएं खड़ी करनी थीं जो वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार कर सकें। उसे ऐसे उद्योग तैयार करने थे जो आर्थिक आत्मनिर्भरता पैदा कर सकें। सभ्यता की विरासत की रक्षा करने वाले सांस्कृतिक संगठनों और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देने वाली लोक संस्थाओं को तैयार करना था। डॉ मुखर्जी ने जल्दी ही समझ लिया था कि राष्ट्र का भविष्य सिर्फ दूरद्रष्टा नेतृत्व पर ही निर्भर नहीं करता। यह उन मजबूत संस्थाओं पर भी निर्भर करता है जो नेताओं और सरकारों से ज्यादा टिकाऊ होंगी।

उनका असाधारण शैक्षिक कॅरियर उनके विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने। उन्होंने वैसे समय में यह कार्यभार संभाला जब उच्चतर शिक्षा भारत के बौद्धिक जागरण का केंद्र बन रही थी। उनके लिए विश्वविद्यालय सिर्फ स्नातक तैयार करने के स्थल नहीं थे। वे वैसे सुविज्ञ नागरिकों को गढ़ने वाले संस्थान थे जो सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदारी के साथ योगदान करने में सक्षम हों। उनकी राय थी कि शिक्षा को राष्ट्र निर्माण के वृहत्तर कार्य से अलग नहीं किया जा सकता।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रगति के प्रति उनका समर्पण विश्वविद्यालयों के परिसर से कहीं आगे बढ़कर था। भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु की कोर्ट और काउंसिल के सदस्य के तौर पर, उन्होंने भारत के प्रमुख वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्रों में से एक को मज़बूत बनाने में योगदान दिया। 1947 में, उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ़ पावर इंजीनियरिंग की आधारशिला रखी क्योंकि वे भली-भांति समझते थे कि स्वतंत्र भारत की आर्थिक प्रगति के लिए इंजीनियरिंग की शिक्षा और प्रौद्योगिकी क्षमता बहुत ज़रूरी होगी। नवाचार को मुख्य नीतिगत लक्ष्य बनाए जाने से बहुत पहले ही, उन्होंने यह समझ लिया था कि वैज्ञानिक उत्कृष्टता और औद्योगिक विकास ही देश की दीर्घकालिक मज़बूती तय करेंगे।

स्वतंत्रता के बाद, जब डॉ. मुखर्जी भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री बने, तब इस दृष्टिकोण को व्यावहारिक रूप दिया गया। उन शुरुआती सालों में, नए नए आज़ाद देश के सामने एक औद्योगिक आधार तैयार करने की बड़ी चुनौती थी। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स और सिंदरी फर्टिलाइज़र फैक्ट्री जैसे संस्थान सिर्फ़ मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के तौर पर नहीं, बल्कि तकनीकी क्षमता और आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के संकल्प के प्रतीक के तौर पर स्थापित किए गए थे। डॉ. मुखर्जी के लिए, औद्योगीकरण कभी भी अपने आप में कोई अंतिम लक्ष्य नहीं था; यह राष्ट्रीय क्षमता और सामूहिक आत्मविश्वास में किया गया एक निवेश था।

हालाँकि, किसी भी संस्थान के निर्माण के लिए केवल भौतिक अवसंरचना या प्रशासनिक कुशलता की ही ज़रूरत नहीं होती। इसके लिए सहानुभूति, जन-सेवा और नैतिक ज़िम्मेदारी की भावना की भी आवश्यकता होती है। डॉ. मुखर्जी में इन गुणों की झलक 1943 के बंगाल अकाल के दौरान ही साफ़ तौर पर दिखाई दी थी, जब उन्होंने बीसवीं सदी की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए बड़े पैमाने पर राहत कार्य करने में खुद को समर्पित कर दिया था। विभाजन के बाद, उन्होंने विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। वे समझते थे कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण में संस्थानों को फिर से खड़ा करने के साथ-साथ लोगों के दुख दर्द को कम करना और उस पर मरहम लगाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

उनका सार्वजनिक जीवन, भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी समझ और सम्मान को भी दर्शाता था। महाबोधि सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष के तौर पर, उन्होंने बौद्ध देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मज़बूत करने में अहम भूमिका निभाई। सभ्यतागत कूटनीति के स्थायी महत्व को समझते हुए, बुद्ध के मुख्य शिष्यों—अर्हत सारिपुत्र और अर्हत मौद्गल्यायन—के पवित्र अवशेषों का भारत में स्वागत करने में उन्होंने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आज भी, मंगोलिया जैसे देशों के साथ इन पवित्र अवशेषों को साझा करने की भारत की कोशिशें यह दिखाती हैं कि किस तरह सांस्कृतिक विरासत अंतरराष्ट्रीय सद्भावना को मज़बूत करती है और ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा बनाती है।

साहित्य और विद्वता के प्रति भी उनकी चिंता उतनी ही स्पष्ट थी। उनके पत्रों से पता चलता है कि उन्होंने प्रसिद्ध कवि काज़ी नज़रुल इस्लाम की उनके व्यक्तिगत संकट के समय किस तरह मदद की थी। ऐसी घटनाएँ हमें याद दिलाती हैं कि सार्वजनिक नेतृत्व को केवल बड़े नीतिगत फैसलों से ही नहीं, बल्कि उदारता के उन शांत और मौन कार्यों से भी आंका जाता है, जिन पर शायद ही कभी लोगों का ध्यान जाता है।

डॉ. मुखर्जी ने संस्थागत निर्माण के इसी दृष्टिकोण को संविधान सभा में भी आगे बढ़ाया। संविधान के निर्माण को एक बड़ी जिम्मेदारी और एक गंभीर और पवित्र विश्वास के रूप में वर्णित करते हुए, उन्होंने संवैधानिक शासन के साथ जुड़ी नैतिक ज़िम्मेदारियों पर ज़ोर दिया। उनके वे शब्द आज भी बेहद प्रासंगिक हैं। संविधान की ताकत अंततः न केवल उसके लिखित प्रावधानों पर, बल्कि संसद की शुचिता, सार्वजनिक संस्थानों की स्वतंत्रता, कानून के शासन और नागरिकों की जिम्मेदारी पर भी निर्भर करती है। संवैधानिक लोकतंत्र तभी फलता-फूलता है जब संस्थाओं पर जनता का भरोसा हो और वे ईमानदारी से काम करें।

जैसे-जैसे भारत एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है, डॉ. मुखर्जी की सोच हमें एक ज़रूरी बात याद दिलाती है। सिर्फ़ आर्थिक विकास से ही देश की तरक्की तय नहीं होती। संवहनीय विकास के लिए शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक संरक्षण और लोगों का भरोसा जगाने वाले संस्थानों में लगातार निवेश की ज़रूरत होती है। सड़कें, हवाई अड्डे और कारखाने बेहद जरूरी हैं, लेकिन उतने ही जरूरी वे विश्वविद्यालय भी हैं जो जिज्ञासा को प्रोत्साहित करते हैं, वे प्रयोगशालाएँ जो ज्ञान का विस्तार करती हैं,

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन आपके लिए नए अनुभवों से भरा रहने वाला है। परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप नया काम शुरू करने की योजना बनायेंगे,

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला रहेगा। व्यस्तता के बावजूद रचनात्मक कामों में रुचि बनी रहेगी। घर में नवीनीकरण और साज-सज्जा से जुड़े बदलाव कर सकते हैं इससे पारिवारिक माहौल में नई ऊर्जा आएगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे। व्यवसाय में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जिससे उन्नति के नए स्त्रोत बनेगे आज प्रतिद्वंदी कमजोर रहेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए सफलता के नए अवसर लेकर आएगा। आपका आदर्शवादी व्यक्तित्व अन्य लोगों के लिए मिसाल बनेगा। व्यापार की गति सामान्य बनी रहेगी।आज माता-पिता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशि : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर में भाई-बहन की मदद से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। आज परिवार में सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज किसी धार्मिक या सामाजिक आयोजन में योगदान देने से मन को खुशी मिलेगी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और आसपास के लोग आपकी कार्यशैली की सराहना करेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कारोबार से जुड़े मामलों में दूसरों पर भरोसा करने के बजाय फैसले खुद लेने का प्रयास करें। आज किसी भी पार्टी के साथ बिजनेस डील करते समय अपना आत्मविश्वास बनाए रखें आय की स्थिति बेहतर होगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आज परिवारजनों के साथ खुशियों के पल बितायेंगे। आज अपने बड़े भाई से नई बात आपको सीखने को मिलेगी। आज आपको किसी भी तरह की मानसिक उलझन से मुक्ति मिलेगी,

धनु राशि:आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। शैक्षणिक कार्यों में आज आपका मन लगेगा। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलेगी।

मकर राशि: आज आपको अच्छी खबर मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। यदि आप सोशल वर्क से जुड़े है तो आज आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से फायदा होगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। लम्बे समय से चल रहा कोर्ट-कचहरी के मामले को निपटने के लिए किसी ख़ास दोस्त से फ़ोन पर ही राय लेंगे। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। आज आपके कारोबार में तरक्की के योग बन रहे है।

मीन राशि:आज आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। कुछ प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा और आपके व्यक्तित्व में नया निखार आयेगा



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी कटौती की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का फायदा ग्राहकों को नहीं मिला है। पत्रकारों से बात करते हुए केजरीवाल ने मांग की कि पेट्रोल की कीमत मौजूदा 102 प्रति लीटर के बजाय 82 प्रति लीटर होनी चाहिए।



# टीएमसी फंड केस : अभिषेक बनर्जी की चार्टर्ड फ्लाइट्स तक पहुंची आंच, ईडी की 5 ठिकानों पर ताबड़तोड़ रेड

कोलकाता,(आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस के बैंक खातों और चुनावी चंदे में मचे घमासान के बीच प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने मंगलवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी की अलग-अलग टीमों ने कोलकाता और उसके आसपास सॉल्ट लेक, राजारहाट और राधाबाजार समेत पांच ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। ईडी के अधिकारी केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों को साथ लेकर एक चार्टर्ड एविएशन कंपनी के डायरेक्टरों के घर और दफ्तरों को खंगाल रहे हैं। यह पूरा मामला टीएमसी के खातों में हुए संदिग्ध लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से जुड़ा हुआ है।

**अभिषेक बनर्जी की चार्टर्ड फ्लाइट्स जांच के रडार पर**

सुबह ईडी की टीम सबसे पहले 'केयरवेल एविएशन' नाम की कंपनी के निदेशकों के आवास पर पहुंची। जांच में यह अहम बात सामने आई है कि इसी कंपनी के प्राइवेट विमानों और हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल टीएमसी के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और पार्टी के अन्य बड़े नेता अपने दौरों के लिए करते रहे हैं। सॉल्ट लेक स्थित कंपनी के दो निदेशकों, पवन जाजू और राजेश जाजू के घर पर टीम मौजूद है और उनसे बंद कमरे में गहन पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही राजारहाट और राधाबाजार स्थित केयरवेल एविएशन के दफ्तरों पर भी छापेमारी चल रही है। जांच का मुख्य फोकस इस बात पर है कि क्या नेताओं के लिए बुक होने वाले इन महंगे चार्टर्ड विमानों का भुगतान टीएमसी के उन्हीं विवादित खातों से किया जा रहा था।

**पूर्व कोषाध्यक्ष अरूप विश्वास ने खुद की थी खाते फ्रीज करने की मांग**

इस पूरे मामले में विवाद तब गहराया, जब टीएमसी के पूर्व कोषाध्यक्ष अरूप विश्वास ने खुद बैंक अधिकारियों को एक चिट्ठी लिखी थी। इस पत्र में उन्होंने खुद को पार्टी का अधिकृत कोषाध्यक्ष बताते हुए इन खातों से होने वाले लेन-देन पर तुरंत रोक लगाने और इन्हें फ्रीज करने का अनुरोध किया था। इसके अलावा साइबर क्राइम ब्रांच में भी वित्तीय गबन को लेकर एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद से ही ये बैंक खाते केंद्रीय जांच एजेंसियों के रडार पर आ गए थे।

**भाजपा विधायक की शिकायत के बाद खुली पोल**

मामले में नया राजनीतिक मोड़ तब आया, जब जयनगर से भाजपा विधायक ने निजी बैंक के तीन खातों में भारी गड़बड़ी और संदिग्ध लेन-देन का आरोप लगाते हुए बिधाननगर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया था कि इन खातों के जरिए बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग का खेल चल रहा है। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने बैंक को पत्र लिखकर तीनों खातों को तुरंत फ्रीज करवा दिया था। अब उन्हीं कड़ियों को जोड़ते हुए ईडी ने इस पूरे मामले को अपने हाथ में ले लिया है।

**चार्टर्ड फ्लाइट का किराया इसी संदिग्ध पैसे से दिया गया**

पार्टी के भीतर और बाहर इस भारी-भरकम खर्च को लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। रीतब्रत बनर्जी ने इस विवाद पर तीखा दावा करते हुए कहा कि अभिषेक बनर्जी की चार्टर्ड फ्लाइट्स के लिए जो मोटी रकम पानी की तरह बहाई गई, वह इसी फंड से निकली थी। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि हमारे लिए अब यह साबित कर पाना नामुमकिन है कि इस खाते में जमा किया गया करोड़ों रुपया किसी घोटाले, डकैती, जबरन वसूली या भ्रष्टाचार की कमाई का हिस्सा नहीं है। वीआईपी चार्टर्ड फ्लाइट्स का लाखों-करोड़ों का किराया इसी संदिग्ध पैसे से चुकाया जा रहा था। फिलहाल ईडी की टीमें दस्तावेज और डिजिटल सबूत जुटाने में जुटी हुई हैं, जिससे आने वाले दिनों में टीएमसी के कई बड़े नेताओं की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद कमलजीत सहरावत और प्रवीण खंडेलवाल, साथ ही दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और कपिल मिश्रा ने नई दिल्ली के नानकपुरा रिज में वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान पौधे लगाए।



इंडोनेशिया के जकार्ता में एक बैठक के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.

# श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी के लिए प्रधानमंत्री भी जिम्मेदार : शक्ति सिंह गोहिल

नई दिल्ली (आरएनएस )। कांग्रेस ने कहा कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिम्मेदार हैं, क्योंकि उनके द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में नियुक्त लोगों की देखरेख में यह महापाप हुआ है। पार्टी ने ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए उसे भंग करने और पूर्व महासचिव चंपत राय की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि धर्मगुरुओं की मांग को दरकिनार कर प्रधानमंत्री ने खुद ट्रस्ट के सदस्यों का चयन कर उसमें चंपत राय समेत अपने पसंदीदा लोगों को रखा था। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री किसी को ट्रस्ट में नियुक्त करते हैं और वह कुछ गलत करता है तो उसकी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री पर भी आती है। कांग्रेस नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बयान का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसा कि जब चौकीदार चुप रहता है तो इसका मतलब है कि वह चोर से मिला हुआ है। गोहिल ने यह भी कहा कि चंपत राय ने प्रधानमंत्री मोदी को भगवान विष्णु का अवतार बताकर हिंदू समाज की भावनाओं का अपमान किया था। गोहिल ने बताया कि मंदिर के 27 अप्रैल 2026 से लेकर 05 जून 2026 तक 40 दिनों के सीसीटीवी फुटेज में 70 बार चढ़ावे की चोरी पकड़ी गई। उन्होंने कहा कि इससे पहले 2023 से 2025 की ऑडिट रिपोर्ट में भी कई कमियों, चोरी होने और महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे न होने की बात सामने आई थी, लेकिन ट्रस्ट ने उस रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने 2.93 करोड़ रुपये की जमीन को मंदिर के लिए ट्रस्ट द्वारा 18 करोड़ रुपये में खरीदे जाने का मुद्दा भी उठाया। गोहिल ने कहा कि शुरुआत में ही ट्रस्ट को बर्खास्त और चंपत राय को हटा दिया गया होता तो आज यह स्थिति नहीं आती। चंपत राय द्वारा मंदिर के दानपात्रों की चाबी अपने चालक को दिए जाने की खबरों पर कांग्रेस नेता ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ऐसा करने पर चंपत राय को तुरंत जेल भेजा जाना चाहिए। मंदिर में कर्मचारियों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए गोहिल ने आगे कहा कि एसआईटी की एफआईआर में आरोपियों के नाम के आगे पिता का नाम और पता अज्ञात लिखा है, जो दर्शाता है कि ट्रस्ट ने या तो बिना उचित दस्तावेजों और पृष्ठभूमि की जांच के लोगों को काम पर रखा या फिर एसआईटी को पूरी जानकारी नहीं दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज होने की बात सामने आई तो उसके तुरंत बाद चोरी बंद हो गई और मंदिर का चढ़ावा अचानक बढ़कर 24 से 26 लाख रुपये प्रतिदिन हो गया, जबकि पहले यह 16 से 18 लाख रुपये था। यानि रोजाना करीब 10 लाख रुपये की चोरी हो रही थी।

## बदरीनाथ चढ़ावा चोरी मामला : निलंबित कर्मचारी प्रमोद नौटियाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

गोपेश्वर,(आरएनएस)। बदरीनाथ धाम में चढ़ावे से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितता के मामले में निलंबित व्यक्तिगत सहायक प्रमोद नौटियाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विभागीय जांच और निलंबन के बाद अब उनके खिलाफ बदरीनाथ थाने में आपराधिक मामला भी दर्ज किया गया है।

बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 306 और 316(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंदिर अधिकारी युद्धवीर पुष्पवान की लिखित तहरीर के आधार पर 8 जुलाई 2026 को यह मामला दर्ज किया गया। शिकायत के अनुसार, 2 जुलाई 2026 को सोशल मीडिया पर बदरीनाथ मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितता से जुड़े वीडियो और सूचनाएं सामने आने के बाद बीकेटीसी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी।

प्रारंभिक जांच में समिति ने प्रथम दृष्टया पाया कि संबंधित कर्मचारी प्रमोद नौटियाल ने सुबह लगभग 9 बजे से 9.30 बजे के बीच मंदिर परिसर से धनराशि उठाई थी। इसके बाद 7 जुलाई को बीकेटीसी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।



महाराष्ट्र के पुणे ज़िले में भारी बारिश के बाद एक इमारत ढह गई, जिसके बाद बचाव दल ने खोज और बचाव अभियान चलाया। मलबे के नीचे कम से कम 15 लोगों के दबे होने की आशंका है।

## राम मंदिर चढ़ावा गबन : अखिलेश बोले- भाजपा सरकार ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विश्वसनीयता खो दी है

लखनऊ,(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या राम मंदिर में कथित चढ़ावा, चंदा और दान चोरी के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण से देश की धार्मिक और आर्थिक विश्वसनीयता प्रभावित हुई है. इसका असर निवेशकों के भरोसे पर भी पड़ रहा है. बुधवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा, चंदा और दान चोरी की खबर दुनिया भर में फैल चुकी है. उनके अनुसार, विदेशों में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी इस घटना से आहत हैं क्योंकि उन्होंने भी मंदिर में दान दिया था या सहयोग किया था. सपा प्रमुख ने दावा किया कि इस मामले के बाद दुनिया भर के निवेशकों के बीच भी सरकार की साख को लेकर सवाल उठ रहे हैं. उन्होंने कहा कि निवेशकों को सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही पर संदेह हो रहा है. अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विश्वसनीयता खो दी है. उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए,

## केरल के वायनाड में भूस्खलन से 3 मजदूरों की मौत, टनल निर्माण के दौरान मीनाक्षी पुल के पास हुआ हादसा

वायनाड ,(आरएनएस)। केरल के वायनाड जिले में भारी बारिश के चलते एक बड़ा भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हुआ है। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। रेस्क्यू टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए अब तक 6 लोगों को सुरक्षित मलबे से बाहर निकाल लिया है और बाकी फंसे लोगों की तलाश जारी है।

**टनल निर्माण क्षेत्र में मीनाक्षी पुल के पास गिरी पहाड़ी**

यह हादसा वायनाड के मेप्पाडी स्थित कललाडी इलाके में मीनाक्षी पुल के पास हुआ है, जहां वायनाड टनल निर्माण का काम चल रहा था। बताया जा रहा है कि पुल के पास स्थित पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा अचानक ढहकर सीधे सड़क और पास बह रही नदी में आ गिरा। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वहां मौजूद मजदूर टनल निर्माण के कार्य में जुटे हुए थे।

**मिट्टी का बड़ा टीला दरकने से हुआ हादसा**

जानकारी के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 10 बजे घटी है। कललाडी इलाके में मीनाक्षी पुल के पास टनल की खुदाई के चलते वहां मिट्टी का एक बड़ा टीला बन गया था। लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से मिट्टी का यह टीला और उसके आसपास की पहाड़ी का हिस्सा अचानक दरक गया और तेजी से नीचे की ओर आ गिरा।

## महादेव ऐप का संचालक सौरभ चंद्राकर गिरफ्तार, फर्जी पासपोर्ट से ओमान पहुंचने का आरोप

रायपुर ,(आरएनएस)। फर्जी इंडोनेशियाई पासपोर्ट के जरिए ओमान में प्रवेश करने के आरोप में महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर को ओमान में गिरफ्तार किया गया है। चंद्राकर पिछले कुछ समय से संयुक्त अरब अमीरात (‹श्व) में रह रहा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सौरभ को भारतीय एजेंसियों द्वारा जारी इंटरपोल के रेड नोटिस के आधार पर रॉयल ओमान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार चंद्राकर को वापस लाने के लिए ओमान को औपचारिक प्रत्यर्पण की तैयारियों में जुटी है। सौरभ को मस्कट स्थित हाई-सिक्योरिटी अल खौद डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सौरभ चंद्राकर के खिलाफ फर्जी पासपोर्ट के इस्तेमाल और अवैध तरीके से ओमान में प्रवेश करने का मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि उसने अपनी पैरवी के लिए मस्कट में वकीलों की एक टीम भी नियुक्त की है।



मुंबई के बोरीवली वेस्ट के गोराई इलाके में मनोरी बीच के पास एक विदेशी कार्गो जहाज़ ज़मीन पर फंस गया। घटना की जांच के लिए गोराई पुलिस, इंडियन कोस्ट गार्ड और आईएनएस हमला की टीमें मौके पर पहुंचीं।



कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की विरोध रैली के दौरान तृणमूल कांग्रेस की चेयरपर्सन ममता बनर्जी हाज़रा में मीडिया को संबोधित करती हुईं। साथ में टीएमसी सांसद डोला सेन भी मौजूद हैं।

# भारत-इंडोनेशिया की साझा संस्कृति का प्रतीक प्रम्बानन मंदिर, पीएम मोदी ने किया दौरा


नई दिल्ली ,,(आरएनएस)। भारत की %एक्ट ईस्ट% नीति और सांस्कृतिक कूटनीति को वैश्विक पटल पर एक नई मजबूती मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर स्थित ऐतिहासिक %प्रम्बानन मंदिर परिसर% का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों राजनेताओं ने संयुक्त रूप से करीब 1000 वर्ष पुराने इस विश्वप्रसिद्ध हिंदू मंदिर परिसर के संरक्षण और पुनर्स्थापना परियोजना की आधिकारिक शुरुआत की। यह कदम दोनों देशों के बीच हजारों साल पुराने सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर माना जा रहा है।

**साझा विरासत का जीवंत प्रतीक॰ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (‹स्ढ) संभालेगा कमान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रम्बानन मंदिर को दोनों देशों की साझी सांस्कृतिक विरासत का एक अनुपम प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह भव्य स्मारक भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरे ऐतिहासिक और जन-संबंधों का जीवंत प्रमाण है। इस द्विपक्षीय समझौते के तहत

‹स्ढ की भूमिका॰ %भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण% के विशेषज्ञ यूनेस्को की इस विश्व धरोहर स्थल के भीतर स्थित कई छोटे और क्षतिग्रस्त मंदिरों के वैज्ञानिक जीर्णोद्धार के लिए इंडोनेशियाई अधिकारियों व पुरातत्वविदों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम करेंगे।

रणनीतिक महत्व॰ यह परियोजना न केवल भारत की सांस्कृतिक कूटनीति को विस्तार देगी, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के साथ भारत के जुड़ाव को एक नया आयाम भी प्रदान करेगी।शिवगृह%॰ जानिए प्रम्बानन मंदिर का गौरवशाली इतिहास प्रम्बानन मंदिर दक्षिण-पूर्व एशिया के सबसे विशाल और महत्वपूर्ण हिंदू स्थापत्य परिसरों में से एक है। इसके इतिहास और बनावट से जुड़ी मुख्य बातें इस प्रकार हैं॰त्रिमूर्ति को समर्पित॰ मूल रूप से प्राचीन काल में %शिवगृह% (शिव का घर) के नाम से विख्यात यह परिसर मुख्य रूप से भगवान शिव, भगवान ब्रह्मा और भगवान विष्णु (त्रिमूर्ति) को समर्पित है।



रियलिटी शो द अलायंस में कुशाल टंडन ने अपनी गैंग की मदद से डोली जावेद को शो से बाहर कर दिया है। इस बात से नाराज होकर अब डोली की बहन और सोशल मीडिया स्टार उर्फी जावेद का गुस्सा कुशाल टंडन पर बुरी तरह फूटा है। उर्फी ने सोशल मीडिया पर कुशाल को जमकर खरी-खोटी सुनाई है और उन्हें ओल्ड एज होम जाने तक की सलाह दे डाली है।

# ब्लैक शिमरी टॉप और डेनिम में पलक तिवारी ने ढाया कहर, सिजलिंग अदाओं से उड़ाए फैंस के होश



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। पलक अपने प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ अपने लाजवाब ड्रेसिंग सेंस और बोल्ड फैशन चॉइस के लिए सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में पलक ने इंस्टाग्राम पर अपने नए फोटोशूट की कुछ बेहद सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में पलक का अंदाज इतना बोल्ड और ग्लैमरस है कि फैंस उनके लुक से अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। पलक ने एक बॉडी-हगिंग मैटेलिक ब्लैक कलर का फुल-स्लीव टॉप पहना हुआ है, जिसमें फ्रंट-ओपन बटन डिटेलिंग है। यह शिमरी टॉप उनके लुक को एक एजी और नाइट-पार्टी वाइब दे रहा है।

इस टॉप के साथ पलक ने लो-वेस्ट, सुपर वाइड-लेग ग्रे डेनिम जींस पेयर की है, जो उनके टोंड फिगर को बेहद खूबसूरती से फ्लॉन्ट कर रही है। यह क्लासिक ब्लैक और ग्रे का कॉम्बिनेशन विजुअली काफी अट्रैक्टिव लग रहा है।

तस्वीरों में पलक वह अपने चेहरे पर बिखरी जुल्फों को संभालते हुए सीधे कैमरे में गहराई से देख रही हैं, जिससे उनके किलर एक्सप्रेशंस उभर कर आ रहे हैं। कुछ तस्वीरों में वह बेहद सेक्सी और कॉन्फिडेंट पोज देती नजर आ रही हैं।

अपने इस कैजुअल लेकिन हॉट लुक को कम्पलीट करने के लिए पलक ने मेकअप और एक्सेसरीज पर भी खास ध्यान दिया है। पलक ने ब्राउन टोन का न्यूड ग्लैम मेकअप चुना है। उन्होंने अपने बालों को हल्का वेवी टच देकर साइड-पार्टिंग के साथ खुला छोड़ा है।

पलक तिवारी की इन तस्वीरों ने इंटरनेट पर आते ही तहलका मचा दिया है। कमेंट सेक्शन में फैंस हार्ट और फायर इमोजीस की बरसात कर रहे हैं। कोई उन्हें गॉर्जियस कह रहा है तो कोई एब्सोल्यूट स्टनर।

फिल्म तेरा यार हूं मैं का नया रोमांटिक गाना तुम ही से प्यार रिलीज, जुबिन नौटियाल ने दी आवाज

निर्देशक मिलाप जावेरी की फिल्म तेरा यार हूं मैं काफी वक्त से लोगों का ध्यान खींच रही है। इस फिल्म से अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, जो धमाल 4 के निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे हैं।

### मुसाफिर कैफे से जारी हुआ रोमांटिक गाना तेरा हुआ साहिबा, वेदिका इश्क में डूबे विक्रांत मैसी?

विक्रांत मैसी की वेब सीरीज मुसाफिर कैफे इस महीने रिलीज होने के लिए तैयार है। यह मशहूर लेखक दिव्य प्रकाश दुबे के उपन्यास मुसाफिर कैफे पर आधारित है, जिसमें वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना भी मुख्य किरदारों में नजर आएंगी। इस बीच, निर्माताओं ने सीरीज से पहला रोमांटिक गाना तेरा हुआ साहिबा जारी कर दिया है, जो विक्रांत और वेदिका के प्यार भरे रिश्ते को दिखाता है। सीरीज का निर्देशन रुचिर अरुण ने किया है। विक्रांत सह-निर्माता इससे जुड़े हैं।

टी-सीरीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर तेरा हुआ साहिबा को जारी किया है। इसे गर्वित सोनी, प्रियांश श्रीवास्तव और हंसिका पारीक ने मिलकर आवाज दी है।

# लॉक अप 2 में माधुरी जैन ग्रोवर के बयान पर विवाद, तीसरे बच्चे और अमीरी-गरीबी वाली टिप्पणी से मचा बवाल



रियलिटी शो लॉकअप सीजन 2 अक्सर अपने कंटेस्टेंट्स की निजी बातों और तीखे बयानों को लेकर चर्चा में रहता है। शो का फॉर्मेट ही ऐसा है कि यहां कंटेस्टेंट्स अपनी जिंदगी से जुड़े ऐसे खुलासे करते हैं जो कई बार दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं और कई बार विवाद भी खड़ा कर देते हैं। इसी कड़ी में इस बार बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर की पत्नी और कंटेस्टेंट माधुरी जैन ग्रोवर का एक बयान सामने आया है, जिस पर लोग अब अलग-अलग राय दे रहे हैं। हाल ही के एक एपिसोड में माधुरी जैन ग्रोवर ने बताया कि वह और उनके पति अशनीर ग्रोवर तीसरा बच्चा चाहते थे लेकिन उनके परिवारों ने इस फैसले का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि परिवार की सहमति न मिलने के कारण उन्होंने यह प्लान छोड़ दिया। हालांकि असली विवाद उनके इस निजी खुलासे से ज्यादा उनके आगे दिए गए विचारों को लेकर शुरू हुआ। शो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया- तीसरा बच्चा इंसान को ज्यादा जवान रखता है। अगर आप देखें तो शाहरुख खान जैसे कई अमीर लोगों के भी तीन बच्चे हैं। हम दो हमारे दो का कॉन्सेप्ट हर किसी पर लागू नहीं होता। जितने अमीर लोग ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे, उतनी अमीरी बढ़ेगी और जितने गरीब लोग ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे, उतनी गरीबी बढ़ेगी।

उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। कई यूजर्स ने इसे गलत सोच और समाज को बांटने वाला बयान बताया।

एक यूजर ने लिखा, यह बयान दिखाता है कि कुछ लोगों को यह समझ नहीं है कि इकॉनोमी कैसे काम करती है या डेमोग्राफी कैसे होती है। इससे बहुत कुछ पता चलता है कि एलीट क्लास के पास जरूरी जानकारी की कमी है।

# आर माधवन बने भारत के एडिसन जी डी नायडू, नई फिल्म जीडीएन का दमदार ट्रेलर हुआ जारी, मिला जोरदार रिस्पॉन्स

पैन इंडिया स्टार आर माधवन अब तक बड़े पर्दे पर कई तरह की भूमिकाएं निभा चुके हैं और हर किरदार के साथ उन्होंने न्याय किया है। माधवन ने सिर्फ रोमांस या कॉमेडी ही नहीं एक्शन और बायोपिक में भी अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। पिछले दिनों आदित्य धर की धुरंधर में अजय सान्याल की भूमिका से उन्होंने वाहवाही लूटी और अब वह भारत के एडिसन कहे जाने वाले दूरदर्शी आविष्कारक गोपालास्वामी दोरईस्वामी नायडू यानी जीडी नायडू का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं। जी हां, आर माधवन की अपकमिंग फिल्म जीडीएन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें माधवन जीडी नायडू के किरदार में नजर आ रहे हैं और इस ट्रेलर को ऑडियंस से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है, लेकिन अभिनेता के कुछ फैन इस बात को लेकर निराश हैं कि मेकर्स ने फिल्म का हिंदी ट्रेलर जारी नहीं किया गया है। और पूछ रहे हैं कि हिंदी ट्रेलर कब जारी किया जाएगा। जीडीएन के ट्रेलर की शुरुआत जीडी नायडू के किरदार के साथ होती है और आर माधवन एक दमदार और प्रभावशाली अवतार में नजर आ रहे हैं। जीडीएन में माधवन भारतीय तकनीकी पुनर्रचनाकार और औद्योगिक क्षेत्र के अग्रणी जी.डी. नायडू के व्यक्तित्व को पर्दे पर जीवंत करते दिखाई देते हैं और इस किरदार में पूरी तरह ढले हुए लग नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे बूढ़े जीडी नायडू अपने ही घर को बॉम्ब से उड़ा देते हैं। मिलियन्स में कमाई और अंग्रेजों के जमाने में काम। उस दौर में उन्होंने कई जरूरी चीजों का आविष्कार किया, जिनका इस्तेमाल आज भी किया जाता है। मगर एक समय उन पर जर्मनी के नाजी हिटलर के साथ काम करने का आरोप लगा, जिसके बाद से नायडू की मुश्किलें बढ़ने लगीं। मगर, उन्होंने हार नहीं मानी और आविष्कार करते रहे।

# फ्लिपकार्ट ने फूड एंड न्यूट्रिशन कैटेगरी में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की

(दिल्ली आरएनएस) भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज बताया कि इसकी फूड एंड न्यूट्रिशन कैटेगरी में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जेन जी ग्राहकों और धुलिया, इंफाल, धारवाड़, उज्जैन, हुबली, मीरगंज एवं लहरपुर समेत कई अन्य टियर 2+ बाजारों के ग्राहकों ने इस बढ़ोतरी में अहम योगदान दिया है। कुल मांग में फ्लिपकार्ट मिनट्स की 25 प्रतिशत की भागीदारी के साथ क्विक कॉमर्स इस विकास का प्रमुख कॉन्ट्रिब्यूटर बना हुआ है। इस मांग को सबसे ज्यादा तेजी ऐसे युवा ग्राहक दे रहे हैं, जो कहीं रेसिपी देखकर, क्रिएटर्स की रिकमेंडेशन पर या वेलनेस ट्रेंड्स के आधार पर प्रोडक्ट्स खोजते हैं। साथ ही इसमें ऐसे नॉन-मेट्रो शॉपर्स भी शामिल हैं, जो अपनी रसोई में ज्यादा स्वास्थ्य से भरपूर और मॉडर्न न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स को शामिल कर रहे हैं। इस विकास की झलक फ्लिपकार्ट फूड फेस्ट 2026 के तीसरे संस्करण में नजर आई, जिसमें 50 से ज्यादा अग्रणी ब्रांड्स, 1000 से ज्यादा क्रिएटर्स और सेलेब्रिटी शेफ साथ आए। इनमें फराह खान, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर ब्रार के नाम उल्लेखनीय हैं। फ्लिपकार्ट के वाइस प्रेसिडेंट, कंज्यूमेबल्स (एफएमसीजी एवं जनरल मर्चेंडाइज) निशांत दलाल ने कहा, 'अब भारत में खाना सिर्फ दिनचर्या का हिस्सा नहीं रह गया है। यह तेजी से वेलनेस, आइडेंटिटी और डिस्कवरी का मामला बनता जा रहा है। मेट्रो शहरों के साथ-साथ नॉन-मेट्रो शहरों के उपभोक्ता भी अपने खाने के विकल्पों को लेकर बहुत सावधान हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल कॉमर्स ने खानपान के अच्छे विकल्पों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने को पहले से कहीं ज्यादा आसान बना दिया है। फ्लिपकार्ट में हम ऐसा इकोसिस्टम तैयार कर रहे हैं, जिसमें हर छोटा-बड़ा ब्रांड विकास कर सकता है, क्रिएटर्स किसी प्रोडक्ट की खोज के लिए प्रेरित कर सकते हैं और उपभोक्ता आत्मविश्वास के साथ अपनी बदलती जीवनशैली के अनुरूप प्रोडक्ट्स तक पहुंच सकते हैं।' भारतीय ग्राहकों की बदलती थाली- स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाली जीवनशैली की ओर बढ़ता झुकाव - सालाना वृद्धि में 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी जेन जी की है। इस पीढ़ी के ग्राहकों की मांग में प्रोटीन ओट्स, हाई प्रोटीन पीनट बटर, गॉमे चॉकलेट और प्रोटीन मुसली जैसे प्रोडक्ट्स सबसे ऊपर हैं। कोरियन-फ्लेवर्ड स्नैक जैसे कप्पा नूडल्स और चिप्स भी तेजी से बढ़ने वाली कैटेगरी के रूप में सामने आ रहे हैं। बेंगलुरु और नई दिल्ली जैसे शहरी इलाकों से इनकी मांग निकल रही है। पुरुषों में नट्स, ड्राई फ्रूट्स, चॉकलेट और जैम एवं स्प्रेड्स की मांग बढ़ी है, जबकि महिलाएं वैल्यू एडेड टी, कॉफी और इडिबल सीड्स को अपने शॉपिंग बास्केट का हिस्सा बना रही हैं। इससे फंक्शनल न्यूट्रिशन, प्रीमियम स्नैकिंग और एवरीडे हेल्थ अपग्रेड की मांग को गति मिल रही है।

टियर 2+ के ग्राहक अब स्वस्थ विकल्पों को अपना रहे हैं। इससे कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल, ऑलिव ऑयल, प्रोटीन ओट्स, प्रोटीन मुसली, प्रीमियम ड्राई फ्रूट्स, ऑथेंटिक घी और डेट्स की मांग बढ़ी है। पिछले सालभर में इन प्रोडक्ट्स के बारे में सर्च 80 प्रतिशत तक बढ़ा है। इससे टियर 2 और टियर 3 में वेलनेस प्रोडक्ट्स की ओर शिफ्ट नजर आ रहा है।

फूड फेस्ट 3.0- भारत की फूड जर्नी का उत्सव - इन ट्रेंड्स को साकार करते हुए इस आयोजन में 50 से ज्यादा अग्रणी फूड एवं बेवरेज ब्रांड, 1000 से ज्यादा क्रिएटर्स एवं इन्फ्लूएंसर्स और फराह खान, शेफ कुणाल कपूर, शेफ रणवीर ब्रार, सुनील ग्रोवर, गौरव कपूर, आदित्य कुलश्रेष्ठ और वंशिका खुराना जैसी हस्तियों ने हिस्सा लिया। इस दो दिवसीय आयोजन में 10 से ज्यादा प्रोडक्ट लॉन्च हुए, इमर्सिव ब्रांड एक्सपीरियंस मिला और चोकोलैंड, ब्रेकफास्ट जोन, गॉमे, बेवरेजेज एवं किचन स्टेपल्स के लिए क्यूरेटेड जोन बनाए गए।

# पुराने स्टाइल में बालों को कर्ल करने के लिए इस्तेमाल करें रोलर, जानें आसान तरीका



बालों को कर्ल करने के लिए कई तरीके हैं, जिनमें से एक है रोलर का इस्तेमाल करना। यह तरीका न केवल आसान है, बल्कि इसके जरिए आप अपने बालों को एक अलग और आकर्षक लुक दे सकती हैं। रोलर का इस्तेमाल करके आप बिना हीटिंग उपकरणों के अपने बालों को कर्ल कर सकती हैं। इस लेख में हम आपको रोलर का सही तरीके से इस्तेमाल करने के लिए कुछ टिप्स देंगे, जिससे बाल पुराने समय की तरह कर्ल हो जाएंगे।

बालों को तैयार करें

रोलर का इस्तेमाल करने से पहले अपने बालों को अच्छी तरह से धो लें। इसके लिए एक हल्के शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें। इसके बाद बालों को तौलिये से हल्का-सा सुखा लें, ताकि उनमें नमी बनी रहे, लेकिन वे गीले न हों। इससे रोलर आसानी से बालों में सेट हो सकेंगे और कर्ल लंबे समय तक टिके रहेंगे। इसके अलावा बालों में कुछ हल्का स्टाइलिंग उत्पाद लगाएं, ताकि कर्ल अच्छे से सेट हो सकें।

सही आकार और प्रकार चुनें

रोलर कई आकार और प्रकार में आते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने बालों की लंबाई और मोटाई के अनुसार सही रोलर चुनें। छोटे रोलर छोटे कर्ल बनाने के लिए अच्छे होते हैं, जबकि बड़े रोलर लंबे और बड़े कर्ल के लिए बेहतर होते हैं। इसके अलावा आप अलग-अलग प्रकार के रोलर, जैसे कि वेल्क्रो रोलर, सॉफ्ट रोलर और प्लास्टिक रोलर भी आजमा सकती हैं। यह आपके बालों की जरूरत और स्टाइल पर निर्भर करता है।

बालों को हिस्सों में बांटे

रोलर लगाने से पहले अपने बालों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लें। इससे यह आसान हो जाएगा कि आप हर हिस्से पर ध्यान दे सकें और सभी बालों को समान रूप से सेट कर सकें। इसके लिए पहले बालों को बीच से अलग करके 2 हिस्सों में बांट लें, फिर हर हिस्से को छोटे-छोटे सेक्शन में बांटकर रोलर लगाएं। इससे आपके कर्ल पूरे दिन टिके रहेंगे और आपके बालों को एक खूबसूरत लुक देंगे।


रोलर को सही तरीके से लगाएं

अब बारी आती है रोलर लगाने की। सबसे पहले एक हिस्से को लें और उसे रोलर पर लपेटें, फिर उसे जड़ों तक पहुंचाएं। इसके बाद रोलर को हल्का-सा दबाकर पिन या क्लिप से अच्छी तरह से बांधें, ताकि वह जगह पर टिका रहे। इसी तरह सभी हिस्सों पर रोलर लगाएं। अगर आप चाहें तो रोलर को रातभर लगा रहने दें और सुबह उठकर उन्हें हटा दें। इससे आपके बालों को एक खूबसूरत लुक मिलेगा।

सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें

रोलर हटाने के बाद अपने नए कर्ल पर सेटिंग स्प्रे लगाएं, ताकि वे लंबे समय तक टिके रहें। सेटिंग स्प्रे बालों को स्थिरता देता है और उन्हें उलझने से बचाता है। इसके अलावा सेटिंग स्प्रे आपके कर्ल को पूरे दिन प्राकृतिक जैसा बनाए रखता है। अगर आप चाहें तो हल्का-सा तेल भी लगा सकते हैं, ताकि आपके कर्ल चमकदार दिखें और मुलायम महसूस हों। इससे आपके बालों को एक बेहतरीन लुक मिलेगा।

# आंखों की थकान का कारण बन सकती है ज्यादा स्क्रीन टाइम, जानिए इसके लक्षण



आज के समय में स्क्रीन टाइम का बढ़ता उपयोग आंखों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। चाहे वह कंप्यूटर हो, मोबाइल फोन हो या टीवी, अधिक समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से आंखों की थकान हो सकती है। यह लेख आपको कुछ शुरुआती लक्षणों के बारे में बताएगा, जिनसे आप पहचान सकते हैं कि आपकी आंखें थकी हुई हैं और आपको किन सावधानियों का पालन करना चाहिए।

आंखों की जलन और खुजली होना

अगर आपको स्क्रीन देखते समय आंखों में जलन या खुजली महसूस हो तो इसे नजरअंदाज न करें। यह लक्षण बताता है कि आपकी आंखें अधिक समय तक स्क्रीन के सामने रहने के कारण थकी हुई हैं। इस स्थिति में तुरंत आंखों को आराम दें और उन्हें ठंडे पानी से धोएं या आंखों की बूंदों का उपयोग करें। इससे आपकी आंखों को राहत मिलेगी और वे थोड़ी देर के लिए आराम कर सकेंगी, जिससे आपकी आंखों की थकान कम होगी।

सिरदर्द होना

अगर आपको स्क्रीन देखते समय सिरदर्द होता है तो यह भी एक सामान्य समस्या है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह लक्षण बताता है कि आपकी आंखें और सिर एक-दूसरे पर ज्यादा दबाव डाल रहे हैं, जिससे दर्द होता है। इस स्थिति में आंखों को आराम देना जरूरी है। थोड़ी देर के लिए स्क्रीन से दूर रहें और आंखों को बंद करके कुछ मिनट आराम करें। इससे सिरदर्द कम होगा और आप बेहतर महसूस करेंगे।

आंखों का धुंधला दिखना

अगर आपको स्क्रीन देखते समय चीजें धुंधली दिखती हैं तो यह भी आंखों की थकान का संकेत हो सकता है। यह लक्षण बताता है कि आपकी आंखें स्क्रीन की रोशनी के कारण ज्यादा संवेदनशील हो गई हैं। इस स्थिति में आंखों को आराम देना जरूरी है। थोड़ी देर के लिए स्क्रीन से दूर रहें और आंखों को बंद करके कुछ मिनट आराम करें। इससे आपकी आंखों की संवेदनशीलता कम होगी और आप बेहतर महसूस करेंगे।

लगातार झपकना

अगर आप महसूस करते हैं कि आपकी आंखें बार-बार झपक रही हैं तो यह भी एक सामान्य संकेत हो सकता है। यह लक्षण बताता है कि आपकी आंखें स्क्रीन की रोशनी के कारण थकी हुई हैं। इस स्थिति में आंखों को आराम देना जरूरी है। थोड़ी देर के लिए स्क्रीन से दूर रहें और आंखों को बंद करके कुछ मिनट आराम करें। इससे आपकी आंखों को राहत मिलेगी और वे थोड़ी देर के लिए आराम कर सकेंगी।

आंखों का सूखना

अगर आप पाते हैं कि आपकी आंखें सूखी हो रही हैं तो यह भी आंखों की थकान का एक संकेत हो सकता है। यह लक्षण बताता है कि आपकी आंखें स्क्रीन की रोशनी के कारण ज्यादा संवेदनशील हो गई हैं। इस स्थिति में आंखों की बूंदों का उपयोग करें ताकि आपकी आंखें नमी बनी रहें। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी आंखों की थकान को कम कर सकते हैं और उन्हें स्वस्थ रख सकते हैं।

# शब्द सामर्थ्य -092

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, वैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| घे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मदनमहल में रात सुरेन्द्र भलावी उम्र 38 वर्ष निवासी टॉल के पास गंगासागर रोड आमनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम वह एवं बड़े भैया सूरज भलावी, पड़ौसी देव सिंह शाहीनाका गंगानगर से मजदूरी करके तीनों 2 मोटर सायकल से घर वापस आ रहे थे, 1 मोटर सायकल से वह एवं बड़े भैया सूरज भलावी और पड़ौसी गांव के देव सिंह उइके बैठे थे वह एक मोटर सायकल में वह अकेले जा रहा था जैसे ही हम लोग गंगासागर रोड होते हुये बर्फफैक्ट्री के पास पहुँचे तभी पीछे से आ रही

जबलपुर दिन शुक्रवार 10 जुलाई 2026 दैनिक क्षितिज किरण 7

**क्या बोलती पब्लिक अभियान के प्रथम चरण में कांग्रेस पार्षद दल की बैठक संपन्न**

# 16 जुलाई को नगर निगम के भ्रष्टाचार के विरुद्ध बुलंद होगी कांग्रेस की आवाज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे क्या बोलती पब्लिक अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सौरभ शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस के पार्षद साथी उपस्थित रहे।



बैठक में नगर निगम की वर्तमान कार्यप्रणाली, शहर की मूलभूत समस्याओं, विकास कार्यों में आ रही बाधाओं तथा नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए बताया कि नगर निगम में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

बैठक में विशेष रूप से कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम द्वारा पार्षद मद (पार्षद निधि) बंद किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। पार्षदों ने कहा कि पार्षद मद बंद होने से वार्डों में छोटे-छोटे आवश्यक विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों ने इसे जनहित के विरुद्ध बताते हुए शीघ्र पुनः प्रारंभ करने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सौरभ शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी।卐क्या बोलती पब्लिक卐 अभियान के माध्यम से प्रत्येक वार्ड में जाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएंगी और नगर निगम की जनविरोधी नीतियों एवं भ्रष्टाचार को जनता के सामने उजागर किया जाएगा।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 जुलाई को नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, विकास कार्यों में अनियमितताओं, पार्षद मद बंद किए जाने तथा जनता की समस्याओं की लगातार हो रही उपेक्षा के विरोध में कांग्रेस पार्टी जोरदार आंदोलन करेगी। इस आंदोलन के माध्यम से नगर निगम प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने और शहरवासियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी आवाज बुलंद की जाएगी।

बैठक के अंत में सभी कांग्रेस पार्षदों ने एकमत होकर संकल्प लिया कि नगर निगम के भ्रष्टाचार, जनविरोधी निर्णयों तथा जनता के अधिकारों पर किसी भी प्रकार के आघात के विरुद्ध कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ संघर्ष करेगी और 16 जुलाई का आंदोलन इस संघर्ष की निर्णायक शुरुआत होगा ! बैठक में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद अयोध्या तिवारी, अतुल बाजपेयी, मसूद नबी, मनीष पटेल, अनुपम जैन, संजय साहू, गुलाम हुसैन सत्येंद्र चौबे, संतोष दुबे, अमर रजक, लखन प्रजापति, हर्षित यादव, प्रमोद पटेल, वकील अंसारी, अख्तर अंसारी सोनी रामकुमार यादव, लक्ष्मण गोटिया आदि उपस्थित थे..

# ओ.बी.सी. आरक्षण के प्रकरणों की सुनवाई के लिए विशेष बैंच हुई गठित

जबलपुर/ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में वर्ष 2019 से लंबित ओ.बी.सी. आरक्षण के प्रकरणों की सुनवाई हेतु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 19 फरवरी 20 को आदेश पारित कर विशेष बैंच गठित कर, तीन माह के भीतर प्रकरणों को निरिकृत करने का अनुरोध/निर्देशित किया गया था झ लेकिन तत्कालीन मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने प्रकरणों में याचिका कर्ताओ का पक्ष सुनने के बाद मध्य प्रदेश सरकार का पक्ष सुनने के लिए 16 जून की तारीख नियत की गई थी, लेकिन जस्टिस संजीव सचदेवा का सर्वोच्च न्यायालय में प्रमोशन हो जाने तथा जस्टिस विनय सराफ का इंदौर ट्रांसफर हो जाने के कारण सुनवाई नियमित सुनवाई नहीं हो सकी/ ओ.बी.सी. वर्ग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने बताया की, पिछली दो सुनवाई, जस्टिस आनंद पाठक एवं भगवती प्रसाद शर्मा की खंड पीठ द्वारा 16 एवं 24 जून 2026 को करते हुए, 13 जुलाई से आरंभ होने बाले सप्ताह में नियमित सुनवाई करने का आदेश पारित किया गया है 7 चुकी उक्त प्रकरणों को जस्टिस विनय सराफ सुनवाई कर चुके है इसलिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया द्वारा 8 जुलाई 26 को प्रशासनिक आदेश पारित कर उक्त समस्त 91 प्रकरणों की सुनवाई जस्टिस आनंद पाठक एवं जस्टिस विनय सराफ करेगे

## 10 अगस्त तक जमा करें चौरसिया प्रतिभा सम्मान हेतु प्रविष्टियाँ

**23 अगस्त को चौरसिया दिवस समारोह में मेधावी विद्यार्थियों एवं समाज की निस्वार्थ विभूतियों का होगा सम्मान**

जबलपुर। चौरसिया समाज जबलपुर (पंजीयत) द्वारा परंपरानुसार आयोजित किए जा रहे 38वें चौरसिया दिवस समारोह के अवसर पर इस वर्ष भी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली निस्वार्थ विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। यह गरिमामयी समारोह रविवार, 23 अगस्त 2026 को दोपहर 2ः00 बजे से शाम 7ः00 बजे तक स्थानीय मानस भवन, राइट टाउन, जबलपुर में आयोजित होगा।

समारोह संयोजक एम.आर. राहुल चौरसिया एवं समाज अध्यक्ष शिव कुमार चौरसिया ने समाजजनों से आग्रह किया है कि प्रतिभा सम्मान के लिए पात्र विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं की प्रविष्टियाँ सोमवार, 10 अगस्त 2026 तक अनिवार्य रूप से निर्धारित केंद्रों पर जमा कर दें। प्रतिभा सम्मान के लिए पात्रता के अनुसार नर्सरी से कक्षा 5वीं तक 70 प्रतिशत, कक्षा 6वीं से 8वीं तक 65 प्रतिशत तथा कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन आइडल(सोनी) फेम संस्कारधानी के लाडले तनिष्क शुक्ला जिन्होंने ग्रैंड फिनाले अपनी जगह बनाई आज उनका जबलपुर आगमन हुआ संगीत प्रेमी उनके चाहने वाले शुभचिंतको ने भव्य स्वागत महाकौशल महाविद्यालय में किया ओर उन्हें फाइनल में जीत कर जबलपुर का नाम गौरवान्वित करने हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ प्रशांत मिश्रा, तरूण रोहितास,दिनेश ठाकुर,अशोक तोमर ,कमलेश अग्रवाल पार्षद ,राजेशकांत सोनकर,आदि उपस्थित थे।

## विध्या रैकवार को किया सम्मानित



जबलपुर के विजयनगर स्थित होटल अग्रोहा में आज मानव अधिकार एवं सामाजिक आयोग की एक बैठक आयोजित की गई, बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह तोमर, मुख्य रूप से उपस्थित थे, साथ ही श्रमजीवी पत्रकार परिषद के नलिन कांत वाजपेई , पंडित शिव कुमार तिवारी एवम गौरव सोनी, प्रदीप ठाकुर भी उपस्थित रहे, बैठक में प्रदेश के एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनको जिम्मेदारी सौंपी गई, रविंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मानव अधिकारों के हनन के लिए सभी लोगों को कंधे से कंधे मिलाकर सहयोग करना होगा एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना होगी, इस अवसर पर विध्या रैकवार को भी सम्मानित किया गया, इस अवसर पर मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

## कांग्रेस ने कैंडिल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गत दिनों एक 13 वर्षीय बालिका के साथ हुये सामूहिक दुष्कर्म के बाद बालिका की हुई मौत पर कांग्रेस ने घोर निंदा की है। पनागर ब्लॉक कांग्रेस तथा युवक कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से पनागर की सड़को में एक कैंडिल मार्च निकाला गया। तदोपरात बालिका को श्रद्धाजली अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्षद बाबू खान, प्रदीप पटेल, महेंद्र चक्रवती, विमल जैन, संजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ताओ की उपस्थिति उल्लेख रही.

# शास्त्री नगर में टूटी पाइप लाइन महापौर, जल प्रभारी और आयुक्त की तत्परता से घंटों में दुरुस्त, जलापूर्ति बहाल

**नगर निगम जल विभाग की टीम ने शास्त्री नगर के नागरिकों से किया संवाद, दोनों समय सेम्पलिंग कराने और स्वच्छ जलापूर्ति ही प्रदाय करने किया आश्वस्त**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राजीव गांधी वार्ड के शास्त्री नगर कॉलोनी में विगत दिवस सफाई के दौरान 4 इंची पाइप लाइन टूट गई थी, जिसे संज्ञान में आने के तत्काल बाद ही महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जलप्रभारी दामोदर सोनी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार सुधार कार्य पूर्ण किया गया। इस संबंध में अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव एवं सहायक यंत्री राजेश खम्परिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की जल विभाग टीम ने नाले की सफाई के दौरान दुर्घटनावश टूटी 4 इंची मुख्य पाइप लाइन को तत्काल प्रभाव से सुधारकर क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बहाल कर दी है।

उन्होंने बताया कि राजीव गांधी वार्ड के शास्त्री नगर कॉलोनी में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नाले की सघन सफाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान भारी मशीनों और सफाई कार्य के चलते अचानक 4 इंची पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइप लाइन टूटने से क्षेत्र में जल संकट की स्थिति निर्मित होने की आशंका हो गई थी। जैसे ही इसकी सूचना महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' को मिली, उन्होंने बिना वक्त गंवाए जल विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। पाइप लाइन



सुधरने के बाद नगर निगम जल विभाग के अधिकारियों की टीम ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने क्षेत्र का दौरा कर पानी के दबाव को जांचा, बल्कि स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद भी किया। क्षेत्र में शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए अब नियमित रूप से सुबह और शाम दोनों समय पानी की सैंपलिंग की जाएगी, ताकि नागरिकों तक पहुंचने वाले पानी की शुद्धता सौ फीसदी सुनिश्चित हो सके।

**संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी के निर्देश पर जबलपुर संभाग के सभी जिलों में एक साथ हुआ औचक निरीक्षण**

# सभी शासकीय विद्यालयों में बच्चों को मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा - संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संभाग के नवपदस्थ संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, श्री घनश्याम सोनी के निर्देश पर संभाग के सभी जिलों में शासकीय विद्यालयों का एक साथ सघन एवं औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वच्छता तथा शिक्षण व्यवस्था का वास्तविक आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान जिन विद्यालयों में अनियमितताएँ पाई गईं, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए।



संयुक्त संचालक श्री सोनी ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों से आते हैं। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य में लापरवाही अथवा कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

संयुक्त संचालक श्री सोनी ने स्वयं कटनी जिले के सांदीपनि विद्यालय स्लीमनाबाद, शासकीय हाई स्कूल छपरा, तथा जबलपुर जिले के सांदीपनि विद्यालय पनागर, पीएम श्री कन्या विद्यालय पनागर एवं शासकीय वरिष्ठ बुनियादी हाई स्कूल पनागर का औचक निरीक्षण किया।


निरीक्षण के दौरान अधिकांश विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई तथा विद्यालय परिसरों में स्वच्छता संतोषजनक नहीं मिली। सांदीपनि विद्यालय स्लीमनाबाद में प्राचार्य अवकाश पर थे तथा कई कक्षाएँ रिक्त मिलीं। कुछ शिक्षक कक्षाओं में अध्यापन करते हुए नहीं पाए गए। विद्यालय में शिक्षकों की दैनिक डायरी उपलब्ध नहीं थी तथा परिसर की साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं पाई गई। शासकीय हाई स्कूल छपरा में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रही। विद्यालय परिसर में स्वच्छता की कमी पाई गई तथा शिक्षकों के पास दैनिक डायरी एवं डेटा रजिस्टर उपलब्ध नहीं मिले। जबलपुर जिले के पनागर स्थित सांदीपनि विद्यालय एवं पीएम श्री कन्या विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रही। विद्यार्थियों का गृहकार्य अधूरा पाया गया तथा शिक्षकों की दैनिक डायरी एवं डेटा रजिस्टर अपूर्ण मिले। विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं थी।मझौली विकासखंड की माध्यमिक शाला मोहला के निरीक्षण में शिक्षक कक्षाओं में अध्यापन कराने के स्थान पर कार्यालय में कार्य करते हुए पाए गए। विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर अपेक्षाकृत कमजोर तथा उपस्थिति भी कम पाई गई संयुक्त संचालक के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ज़बलपुर श्री गौतम बर्वे द्वारा पीएम श्री विद्यालय बेलखाडू का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यार्थियों को साइकिल वितरण लंबित पाया गया। विद्यालय में नियमित समय-सारिणी प्रदर्शित नहीं थी तथा स्वच्छता व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली।

संभाग के अन्य जिलों में भी व्यापक स्तर पर निरीक्षण किए गए। छिंदवाड़ा जिले में 55 विद्यालयों, डिंडोरी जिले में 5 विद्यालयों, बालाघाट जिले में 3 विद्यालयों तथा कटनी जिले में 2 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार सिवनी मे 2 निरीक्षण किए गये,अन्य जिलों में भी अधिकारियों द्वारा निर्धारित विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। निरीक्षण के उपरांत जिन विद्यालयों में अनियमितताएँ पाई गईं, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। संयुक्त संचालक श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि अब प्रतिदिन विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन निरीक्षण हेतु संभाग स्तरीय दलों का गठन कर दिया गया है तथा सभी जिलों के विद्यालयों का नियमित ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी प्रारंभ की जाएगी, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सतत सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

# राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस मप्र में नई मत्स्य नीति की असली कसौटी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश में हाल ही में अपनी नई एकीकृत मत्स्य नीति 2026 लागू कर मत्स्य क्षेत्र में 卐ब्लू इकॉनामी卐 के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में विकसित करने की दिशा में बडा कदम उठाया है। इसी क्रम में विगत 6 जुलाई को जबेदी अल कुवैत की अग्रणी कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच मत्स्य पालन के लिये 7 हजार 430 करोड़ रुपये का अनुबंध संपादित हुआ। इस निवेश से इंदिरा सागर, बरगी बाणसागर और बारना जलाशय में केज कल्चर सहित बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया. बरगी बांध विस्थापित एवं पुनरवास संघ के राजकुमार सिन्हा ने कहा कि एकिकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अन्तर्गत गतिविधियों को अंतर्राष्ट्रीय विस्तार दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में लगभग 15 से 16 लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मत्स्य व्यवसाय से जुड़े माने जाते हैं। अधिकांश मछुआरे गरीबी रेखा या उसके आसपास जीवन यापन करते हैं।

बाजार का नियंत्रण ठेकेदारों या मध्यस्थों के पास होने से मछुआरों को वास्तविक लाभ कम मिलता है। जलाशयों को ठेकेदार या बाहरी व्यक्तियों को दिया जाता है। छोटे मछुआरे अधिकार विहीन और ठेकेदारों के अंदर मजदूर बन कर रह जाते हैं। जलाशय के नीलामी में स्थानीय मछुआरा की सहकारी समिति भाग ही नहीं ले पाता है। क्योंकि लीज की दरें बहुत अधिक होती है, प्रक्रियाएं जटिल और सरकारी अधिकारी एवं ठेकेदार के बीच गठजोड़ के कारण गरीब समूह भाग भी नहीं ले पाते.



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना माढ़ोताल में रात मुन्नालाल पटेल उम्र 66 वर्ष निवासी करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सिचाई विभाग से सेवानिवृत्त है सब्जी, फ्ल लेकर घर वापस आ रहा था मॉ रेवा कालोनी मोड़ के पास रात लगभग 9-15 बजे पहुॅचा तभी मोटर सायकल में 3 लड़के आये जिनमें से 2 लड़कों ने उसे पकड़कर उसके फुल पेंट की जेब से 1 सेमसंग कम्पनी का मोबाइल, 1 छोटी डायरी आईकार्ड रखने वाली जिसमें उसका पहचान पत्र व नगदी रकम 1150 रूपये छीनकर तीनों मोटर सायकल से चुंगी नाका तरफभाग गये।

# मदन महल रेलवे अंडरब्रिज के नीचे चलती कार में आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के बीचों बीच मदन महल स्?टेशन के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब यह पता चला कि मदन महल अंडर ब्रिज के नीचे एक कार में भीषण आग लग गई है।

आग देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। पुलि ?स मौके पर पहंची तब भी कार धूं-धूंकर जल रही थी। आग लगने की इस घटना और धमाकों के कारण इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई।

मदन महल रेलवे स्टेशन के पास बने अंडरब्रिज में गुरुवार को एक इलेक्ट्रिक कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। राहत की बात यह रही कि कार में सवार सभी लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई। धमाकों की आवाज से आसपास हड़कंप मच गया। नगर निगम की दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के कारण कुछ समय तक अंडरब्रिज में यातायात बाधित रहा। फिलहाल आग लगने के असली कारणों का पता नहीं चल सका है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास मौजूद लोग भी इस हादसे के बाद दहशत में नजर आए।

कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बचे

कार में आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तेज धमाकों की आवाज से अंडरब्रिज से गुजर रहे वाहन चालक सहम गए और उन्होंने अपनी गाड़ियां सुरक्षित दूरी पर रोक दीं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। गनीमत यह रही कि सवारियों ने सूझबूझ दिखाई और आग फैलने से पहले ही बाहर निकल गए। दमकल कर्मियों ने पानी के टैंकर की मदद से आग बुझाई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है। कार में तकनीकी खराबी थी या शॉर्ट सर्किट, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। इस घटना ने इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है।

## अमरकंटक एक्सप्रेस के सामने कूदा युवक, लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बचाई जान



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** . पमरे के जबलपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार 8 जुलाई की देर रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब टीबी की बीमारी से परेशान एक युवक ने भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस के सामने पटरी पर लेटकर आत्महत्या करने की कोशिश की. लोको पायलट की सतर्कता और आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई से युवक की जान बच गई. घटना बुधवार रात करीब 10 बजे की है. भोपाल से जबलपुर आ रही गाड़ी संख्या 12854 अमरकंटक एक्सप्रेस जैसे ही रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 पर प्रवेश कर रही थी, तभी एक युवक अचानक मुख्य प्रवेश द्वार के सामने रेलवे ट्रैक पर जाकर लेट गया. प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों ने शोर मचाया, जिसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन को धीमी गति में ही रोक दिया.

सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट जबलपुर के आरक्षक चन्द्रेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और तत्काल युवक को ट्रेन के सामने से हटाकर उसकी जान बचाई. पूछताछ में युवक ने अपना नाम मुकेश मेश्राम (30) पिता भास्कर मेश्राम निवासी आजाद नगर सुभाष वार्ड कटरा थाना अधारताल जबलपुर बताया.

सरकारी नौकरी दिलाने, शादी का दिया झांसा

## जबलपुर की होटल में सागर की युवती को रखकर किया रेप

जबलपुर/सागर। सागर की एक युवती को सरकारी नौकरी का झांसा देकर कृष्णा नामक युवक ने जबलपुर की होटल में शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान युवक ने युवती को शादी करने का भी झांसा दिया था। जब नौकरी की बात की तो युवक द्वारा धमकी दी जाने लगी। जिसपर आज युवती ने सागर के मोतीनगर थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसपर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार मोतीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने बताया कि वह एक स्कूल में पढ़ाती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात कृष्णा नाम के युवक से हुई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। आरोप है कि युवक ने उसे सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। बाद में उसने अपनी पत्नी को तलाक देकर शादी करने का वादा किया। पीड़िता ने बताया कि 4 मई को आरोपी उसे रानगिर माता मंदिर ले गया। वहां उसने उसकी मांग में सिंदूर भरा और फिर अपने साथ जबलपुर ले गया।

## माढोताल में बुजुर्ग से लूट का 3 घंटे में खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार; मोबाइल-नकदी और बाइक बरामद



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** माढोताल थाना क्षेत्र में 66 वर्षीय बुजुर्ग से हुई लूट की वारदात का पुलिस ने महज तीन घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नकदी, दस्तावेज और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, 7 जुलाई की रात करीब 9 बजे मुन्नालाल पटेल फल-सब्जी लेकर अपने घर लौट रहे थे। तभी माँ रेवा कॉलोनी मोड़ के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और छीना-झपटी कर उनकी जेब से सैमसंग कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल, पहचान पत्र व अन्य दस्तावेजों से भरी डायरी तथा 1150 रुपये नकद लूटकर चुंगी नाका की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर रात करीब 12 बजे तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया।

महापौर की पहल पर वर्षा जल संचय के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध- जन जन को निगम प्रशासन द्वारा किया जा रहा है जागरूक

## सभी हैंड पंप, बोरवेल्स के पास बनाए जा रहे हैं रिचार्ज साफ्ट-महापौर अन्नू

### विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कुओं की भी कराई जा रही है सफाई-निगमायुक्त अहिरवार



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की पहल पर मानसून को देखते हुए नगर निगम ने जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। जल ही जीवन है के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए निगम प्रशासन वर्षा जल संचय रैन वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस अभियान के तहत शहर के कोने-कोने में व्यापक स्तर पर कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

?जन-जन को किया जा रहा जागरूक

उन्होंने बताया कि ?इस मुहिम को एक जन-आंदोलन बनाने के लिए नगर निगम द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीम के माध्यम से नागरिकों को वर्षा जल संचय का महत्व समझाया जा रहा है और लोगों को अपने घरों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि बारिश की एक भी बूंद बर्बाद न हो।

?भूजल स्तर को रीचार्ज करने के लिए निगम ने एक बेहतरीन तकनीकी योजना पर काम शुरू किया है। शहर के सभी सार्वजनिक हैंडपंपों और बोरवेल्स के पास रिचार्ज शाफ्ट बनाए जा रहे हैं। इससे बारिश का पानी सीधे जमीन के भीतर जाएगा, जिससे न केवल सूख रहे हैंडपंपों में दोबारा पानी आएगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों का वाटर टेबल भी तेजी से सुधरेगा।

?विशेषज्ञों की देखरेख में संवर रहे हैं पारंपरिक कुएं

?निगम पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। शहर के पुराने और अन्य कुओं की युद्ध स्तर पर सफाई की जा रही है। खास बात यह है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए विशेषज्ञों की देखरेख में वैज्ञानिक तरीके से कुओं की सफाई और गाद निकालने का काम किया जा रहा है। सफाई के बाद इन कुओं के पानी को शुद्ध कर उपयोग के लायक बनाया जाएगा।

महापौर का संदेश निगम का उद्देश्य है शहर के पारंपरिक जल स्रोतों को बचाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी सुरक्षित करना है। निगम अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन यह मुहिम तब तक पूरी तरह सफल नहीं हो सकती जब तक इसमें हर नागरिक की भागीदारी न हो। आइए, हम सब मिलकर इस मानसून में पानी की हर बूंद को सहेजने का संकल्प लें।

?

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13,मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/13/मुख्यालय 2026/27/एम/100 दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुनीता खत्री, पति श्री किशन खत्री** ने मकान नं. 74/2 **वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड,** प्रथमतल 350 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13,मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/13/मुख्यालय 2026/27/एम/98 दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री कौशल सिंह परिहार, पिता- स्व. श्री कुंवर सिंह परिहार, 2. कानिण्क सिंह परिहार, पिता श्री कैशल सिंह परिहार** ने मकान नं. 107/डी-4 **वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड,** भूतल 448 व.फु., प्रथमतल 448 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13,मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/13/मुख्यालय 2026/27/एम/97 दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री अवशेष जैन, 2. श्री पूर्णेश कुमार जैन, दोनों के पिता स्व. श्री अनिल कुमार जैन** ने मकान नं. 760/1 **वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड,** भूतल 1404 व.फु., प्रथमतल 500+1404 व.फु., द्वितीयतल 1404 व.फु., तृतीयतल 800 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, खसरे की नकल** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13,मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/13/मुख्यालय 2026/27/एम/92 दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रेनू टिलानी, पति- श्री हरीश कुमार टिलानी** ने मकान नं. 1289,1378, 1228/2 का भाग **वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड,** भूतल 300 व.फु., **विक्रयपत्र, खसरे की नकल** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2026-27/एम/13 दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उषा रानी गौड़, पति स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार गौड़, एवं श्री राजीव गौड़, प्रणय गौड़, आशीष गौड़, पूनम, चारों के पिता स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार गौड़,** ने मकान नं. 372 **वार्ड- पं. मदन मोहन मालवीय ,** कुल क्षेत्रफल 522.6 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 888 व.फु., भूतल 444 व.फु., प्रथमतल 444 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./12/ 2026-27/एम/12 दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **पिंकी तिवारी, पिता स्व. श्री महेश तिवारी** ने मकान नं. 40 **वार्ड- महर्षि अरविन्द ,** कुल क्षेत्रफल 224 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 672 व.फु., भूतल 224 व.फु., प्रथमतल 224 व.फु., द्वितीयतल 224 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2026-27/एम/919/ दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मदन बिहारी प्रजापति, पिता स्व. श्री कस्बूर चंद्र प्रजापति** ने मकान नं. 932,934 पिन नं. 2000208741 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड ,** भूतल खुली भूमि 1287 व.फु., कच्चा 1100 व.फु., कच्चा 187 व.फु. कमर्शियल, **मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 932,934 आचार्य विनोवा भावे पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2026-27/एम/918/ दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती समेज मरकम, पति श्री सुन्दर सिंह** ने मकान नं. 2365, 2366 पिन नं. 1000459734 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 500 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2365, 2366 मोती मेडिकल के सामने पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2026-27/एम/917/ दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती उर्मिला काछी, पति- स्व. श्री शंकर लाल काछी** ने मकान नं. 1330/1 अ पिन नं. 1000483132 **वार्ड सिद्ध बाबा वार्ड ,** भूतल आर. सी.सी. 825 व.फु. स्वयं रहवास, प्रथमतल आर.सी.सी. 825 व.फु. स्वयं रहवास, **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1330/1 अ हनुमान होटल शंकर जी मंदिर के पीछे पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2026-27/एम/916/ दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेश डुलानी, पिता स्व. श्री लालचंद डुलानी** ने मकान नं. 1658 पिन नं. 1000459586 **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 450 व.फु. कमर्शियल, आर.सी.सी. 400 व.फु. कमर्शियल, प्रथमतल सीमेन्ट टीन 420 व.फु. कमर्शियल, **शपथ पत्र, विक्रय अनुबंध पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1658 सिंधी धर्मशाला, सिंगल क्वाटर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2026-27/एम/915/ दिनांक 09.07.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री राम आशीष, पिता - छेदी लाल राजभर, 2. श्रीमती सुनीता राजभर, पति- राम आशीष राजभर** ने मकान नं. 379, 382 पिन नं. 1000467244 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल सीमेन्ट टीन 900 व.फु. स्वयं रहवास, सीमेन्ट टीन 400 व.फु. किरायेदारी, **दानपत्र, इकरानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 379, 382 शुक्ला होटल के पीछे पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096